दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...

● नई दिल्ली। गुरुवार 22 मई-2025 | ● वर्ष: 10 अंक: 152 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य: ₹3








### विदेश में भारत का पक्ष रखने के लिए सांसद डेलीगेशन हुआ रवाना

# गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग रखेंगे विश्व पटल पर भारत का पक्ष





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** विदेश की धरती पर ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भारत का पक्ष रखने के लिये पहला सर्वदलीय सांसद डेलीगेशन बुधवार को रवाना हुआ। गाजियाबाद के लिये गौरव की बात ये है गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग को इस डेलीगेशन में शामिल किया गया है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद ये पहला सर्वदलीय सांसद प्रतिनिधिमंडल है जो विदेशों में भारत के पक्ष को रखेंगे। भारत अपने सांसदों के माध्यम से 33 देशों के सामने आतंकवाद के खिलाफ एक्शन प्लान की रूपरेखा तय करेगा। भारत के सांसद ये बताएंगे कि कैसे पाकिस्तान आतंकवाद को पालता-पोसता है और ऑपरेशन सिंदूर की क्यों जरूरत पड़ी। ऑपरेशन सिंदूर के जरिये भारत ने पाकिस्तान द्वारा पोषित इसी आतंकवाद पर वार किया। क्यों भारत को ऑपरेशन सिंदूर करना पड़ा, ये बात अब अंतर्राष्ट्रीय पटल पर आएगी। सांसद श्रीकांत शिंदे की अगुवाई में बुधवार को सांसद डेलीगेशन तीन देशों की यात्रा पर रवाना हुआ। ये सांसद यूएई, लाइबेरिया और कांगो देशों में जाएंगे। वहां आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान के झूठ को बेनकाब करेंगे। डेलीगेशन में सात सांसद हैं और इसमें सभी दलों के सांसदों को लिया गया है।

## ये सात सांसद रखेंगे विदेश की धरती पर भारत का पक्ष

करंट क्राइम। जो सात सदस्यीय सांसद प्रतिनिधि मंडल तीन देशों की यात्रा पर रवाना हुआ है, उसका नेतृत्व शिवसेना के सांसद श्रीकांत एकनाथ शिंदे कर रहे हैं। इस डेलीगेशन में गाजियाबाद से भाजपा के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग, दिल्ली से भाजपा की सांसद बांसुरी स्वराज, आईयूएमएल के सांसद मोहम्मद बशीर, बीजेडी के सांसद संस्मित पात्रा तथा भाजपा सांसद मनन कुमार मिश्रा शामिल हैं। इस दल में एसएस अहलूवालिया और सुजान चिनोय भी जा रहे हैं।

## अतुल गर्ग का डेलीगेशन में आना गाजियाबाद के लिए गौरव की बात

करंट क्राइम। गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग राष्ट्रीय नेतृत्व के भरोसे पर खरे उतरे हैं। यही वजह है कि सदस्यता अभियान की समीक्षा से लेकर दिल्ली चुनाव की कमान भाजपा ने उन्हें दी। यहां अगर रिजल्ट ओरिएंटिड बात करें तो सांसद अतुल गर्ग ने जबर्दस्त परफॉर्मेंस दी। जिस दल्ली में तीन बार से आम आदमी पार्टी सरकार बना रही थी। उस दिल्ली में भाजपा ने आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका दिया और भाजपा ने यहां सरकार बनाई। जाहिर है कि जब क्रेडिट की बात आएगी तो दिल्ली चुनाव के प्रदेश सहप्रभारी के रूप में अतुल गर्ग का भी नाम आएगा। बात अगर अंतर्राष्ट्रीय पटल की करें तो व्यवसायिक मामलों को लेकर अंतर्राष्ट्रीय जगत में रिश्ते मजबूत करने के लिये जब भारत की महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू तीन देशों की यात्रा पर गईं तो उनके साथ जाने वाले सांसद दल में गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग भी थे। खास बात ये है कि पूरे देश से केवल तीन सांसद चुने गए थे और उनमें एक सांसद गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग थे। अब फिर से जब सबसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर भारत का पक्ष रखा जाना है तो यहां गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग को ये मौका मिला है। वो बताएंगे कि किस तरह से पाकिस्तान आतंकवाद को आश्रय दे रहा है। जब विश्व के 33 देशों के सामने भारत अपना पक्ष रखेगा तो यहां पूरा विश्व गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग की आवाज को सुनेगा। अतुल गर्ग विदेश में भारत का पक्ष रखेंगे।

# भारी आंधी-तूफान से जनजीवन अस्त-व्यस्त

## सड़कों पर गिरे पेड़, जान-माल की हुई हानि



**गाजियाबाद।** दिल्ली-एनसीआर में बुधवार को मौसम ने अचानक करवट ली। दिनभर भीषण गर्मी और उमस ने लोगों को परेशान किया, लेकिन रात होते ही धूल भरी आंधी और तेज हवाओं ने माहौल बदल दिया। कई इलाकों में हल्की बारिश भी दर्ज की गई, जिससे गर्मी से कुछ राहत मिली। साउथ, नॉर्थ और वेस्ट दिल्ली में ओले भी गिरे हैं।

**आंधी के बाद सड़कों पर धूल का गुबार:** आंधी और बारिश के कारण कई जगहों पर सड़कों पर धूल का गुबार छा गया, जिससे यातायात प्रभावित हुआ। कुछ इलाकों में बिजली की आपूर्ति में भी व्यवधान की खबरें हैं। हालांकि, हल्की बारिश ने गर्मी से जूझ रहे लोगों को थोड़ी राहत जरूर दी। मौसम विभाग ने लोगों से सतर्क रहने और अनावश्यक रूप से बाहर न निकलने की सलाह दी है।

**कई जगह मेट्रो पर लगा ब्रेक:** खराब मौसम के कारण दिल्ली मेट्रो की पिंक लाइन पर सेवाएं प्रभावित हुई हैं। पिंक लाइन मेट्रो पिछले 15 मिनट से आईएनए स्टेशन पर फंसी हुई है। तेज आंधी और बिजली के चलते सेफ्टी प्रोटोकॉल का पालन करते हुए मेट्रो की स्पीड स्लो कर दी गई है। कुछ जगहों पर, जहां मेट्रो लाइन के आसपास पेड़ हैं, वहां ट्रेनों को अस्थायी रूप से रोका गया है। मौसम विभाग का पूवार्नुमानमौसम विभाग के अनुसार, उत्तरी दिल्ली में प्रवेश करने वाला बादल समूह दक्षिण-पूर्व दिशा में आगे बढ़ेगा। अगले एक घंटे में दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में धूल भरी आंधी और 50-60 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है, जो 70 किमी प्रति घंटा तक पहुंच सकती हैं।

विस्तृत खबर, पृष्ठ 3

# यशोदा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ पी एन अरोड़ा पहुंचे करंट क्राइम डिजिटल मुख्यालय



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। यशोदा ग्रुप ऑफ हास्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर/चेयरमेन डॉ पीएन अरोडा बुधवार को करंट क्राइम के नोएडा स्थित डिजिटल कार्यालय पर पहुंचे। यहां पर उनका स्वागत दैनिक करंट क्राइम के प्रधान संपादक मनोज गुप्ता, समाचार संपादक दीपक भाटी तथा करंट क्राइम के डिजिटल हेड दीपक जोशी तथा नोएडा की डिजिटल टीम ने किया। डॉ पीएन अरोडा ने दैनिक करंट क्राइम से विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की। उन्होंने चिकित्सा से लेकर समाजिक विषयों और राजनीतिक विषयों पर करंट क्राइम के साथ अपने विचार साझा किये।



# गोवा में बारिश का कहर, सड़कें बनीं नदियां, बहने लगे वाहन

## भारी बारिश से बाढ़ जैसे हालात, घरों और दुकानों में घुसा पानी, भारतीय मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट







**पणजी:** साउथ महाराष्ट्र के साथ गोवा में भी भारी बारिश का दौर जारी है।

बुधवार को लगातार दूसरे दिन इतनी बारिश हुई कि सड़क पर पानी की धार बहने लगी और छोटे वाहन उसमें बहने लगे। मौसम विभाग के मुताबिक, यह प्री मॉनसून के संकेत हैं। अगले 48 घंटे में और बारिश हो सकती है। आईएमडी के मुताबिक, पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में 200 एमएम बारिश दर्ज की गई है। मंगलवार को भी कल दक्षिण गोवा में लगभग 70 मिमी वर्षा दर्ज की गई थी। उन्होंने बताया कि गुरुवार को भी मौसम ऐसा ही रहेगा।

### दो दिन के लिए ऑरेंज अलर्ट किया गया था जारी, आज भी बारिश की संभावना जताई गई है

एयरलाइंस ने अपनी एडवाइजरी में कहा है कि हमारी टीम यात्रियों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि किसी भी यात्री को कोई समस्या न हो। हमारी टीम यात्रियों से लगातार संपर्क में बनी हुई है और उन्हें पल-पल की जानकारी दे रही है।

**एडवाइजरी में क्या :** एडवाइजरी में कहा गया है कि सभी यात्री समय-समय पर अपने फ्लाइट्स की जानकारी लेते रहें। वे लगातार यह पता करते रहें कि कहीं उनके फ्लाइट्स की टाइमिंग में क्या बदलाव किए गए हैं। इसके अलावा, सभी अतिरिक्त समय लेते हुए ही आगे कोई योजना बनाएं, ताकि उन्हें आगे चलकर कोई समस्या न हो। इंडिगो ने अपने सभी यात्रियों से सहयोग की अपील की है।

बता दें कि गोवा में मंगलवार शाम से ही भारी बारिश का दौर जारी है। इस वजह से फ्लाइट्स सेवाएं प्रभावित हुई हैं। इससे यात्रियों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जहां कुछ फ्लाइट्स के समय को बदल दिया गया है, तो वहीं कुछ को डायवर्ट कर दिया गया है। मौसम विभाग ने गोवा में आने वाले दिनों में भारी बारिश की संभावना को देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया है। इससे पहले दो दिन के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया था। कल (22 मई) भी बारिश की संभावना जताई गई है।

गोवा में बारिश का कहर अभी थमा नहीं है। भारतीय मौसम विभाग ने बुधवार के लिए भी ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। खास तौर पर पेरनेम और मापुसा के इलाकों में भारी बारिश की संभावना जताई गई है। अकेले शहर में अब तक 16 मिमी बारिश दर्ज की गई है। मंगलवार को पूरे दिन तेज बारिश होती रही जिससे बच्चे से लेकर बूढ़ों तक को काफी परेशानी हुई।

**घरों और दुकानों में घुसा पानी :** बारिश का पानी घरों और दुकानों में घुस गया है। पणजी समेत राज्य के कई हिस्सों में भीषण ट्रैफिक जाम की स्थिति बन गई है। शहर के एंट्री गेट, डीबी मार्ग, सेंट मैरी कॉलोनी और मीरामार जैसे इलाकों में जलभराव हो गया है। वहीं ओडक्सेल और तालेगांव में भूस्खलन की घटनाएं सामने आई हैं। पेरनेम और कैनाकोना जैसे ग्रामीण इलाकों में भी बाढ़ जैसे हालात हैं। बारिश का कहर अभी थमा नहीं है। भारतीय मौसम विभाग ने बुधवार के लिए भी कई जिलों में अलर्ट जारी किया है।

# जिलाधिकारी दीपक मीणा ने सुनी किसान दिवस में किसानों की शिकायतें और समस्याएं




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित दुर्गावती देवी सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें उप कृषि निदेशक, गाजियाबाद राम जतन मिश्र द्वारा गत किसान दिवस की शिकायतों की अनुपालन आख्या का विस्तृत ब्योरा समस्त कृषकों के सम्मुख पढ़कर सुनाया गया।

### प्राप्त शिकायतों और समस्याओं का समयबद्ध तरीके से निस्तारण किया जाए : जिलाधिकारी

**करंट क्राइम।** गत किसान दिवस की कुछ शिकायतों के निस्तारण पर कृषकों द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया। कुछ शिकायतों के संबंध में संबंधित जनपदीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अपने विभाग से संबंधित शिकायतों का निस्तारण शीघ्र अतिशीघ्र कर कृषक एवं उप कृषि निदेशक गाजियाबाद कार्यालय में आख्या उपलब्ध कराए।

इस अवसर पर अभिनव गोपाल, मुख्य विकास अधिकारी, विकास कुमार प्रभारी उप कृषि निदेशक/जिला कृषि रक्षा अधिकारी, अमित कुमार जिला कृषि अधिकारी के साथ-साथ समस्त जिला स्तरीय अधिकारी एवं चौ.रामकुमार प्रदेश उपाध्यक्ष बीकेयू, चौ0बिजेन्द्र सिंह जिलाध्यक्ष बीकेयू, चौ0सतेन्द्र तेवतिया, चौ0गोपाल सिंह, चौ0रविन्द्र सहित 80 कृषकों द्वारा प्रतिभाग करते हुए बैठक का समापन किया गया।

### किसान दिवस में विभागीय अधिकारियों द्वारा दी जायेगी योजनाओं से संबंधित जानकारियां : दीपक मीणा



करंट क्राइम। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि किसान दिवस में प्राप्त सभी शिकायतों का विवरण अंकित करने हेतु एक रजिस्टर बनाया जाए। कृषि एवं सहयोगी विभाग के अधिकारी प्रत्येक किसान दिवस में आवश्यक रूप से उपस्थित रहेंगे। किसान दिवस के प्रथम 30 मिनट में किन्ही दो विभागों के द्वारा अपने विभाग में संचालित योजनाओं की जानकारी देंगे। आगामी किसान दिवस में सिंचाई एवं पशुपालन विभाग अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं की जानकारी देंगे। जनपदीय अधिकारी अपने विभाग की योजनाओं की जानकारी देने हेतु पम्पलेट / लीफलेट आदि का वितरण किसान दिवस में करेंगे। अधिशासी अभियन्ता सिंचाई (नहर) आगामी किसान दिवस से पूर्व सम्बन्धित किसानों को सिंचाई हेतु रोस्टर उपलब्ध करायेंगे। खतौनी में अंश निर्धारण हेतु प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के लिए समस्त तहसीलदार किसान दिवस में उपस्थित रहेंगे। अधिशासी अभियन्ता सिंचाई (नहर) गाजियाबाद से स्पष्टीकरण प्राप्त करने हेतु निर्देश दिये गए कि किसान से सम्पर्क देरी से तथा आख्या देरी से उपलब्ध कराये जाने का कारण। अधिशासी अभियन्ता विद्युत मोदीनगर द्वारा अवगत कराया गया कि आज से विद्युत की आपूर्ति प्रात: 08 :45 बजे से शाम 6 :45 बजे तक निर्बाध गति से प्राप्त होगी। अन्त में जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि किसान दिवस में प्राप्त शिकायतों / समस्याओं का गुणवत्तापूर्वक एवं समयबद्ध तरीके से निस्तारण किया जाये।

# 10 दिवसीय ग्रीष्मकालीन वेद एवं रामायण अभिरुचि कार्यशाला का हुआ समापन






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कार्यशाला एड्यूलीडर्स यूपी ग्रुप के जनपद संयोजक डॉ. देवांकुर के नेतृत्व में प्राथमिक विद्यालय तिबड़ा 2, विकास क्षेत्र भोजपुर, जनपद गाजियाबाद में आयोजित की गई। कार्यक्रम में सभी छात्रों को अंतरराष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान अयोध्या, उ. प्र. की ओर से प्रतिभागिता प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। ग्रीष्मकालीन रामायण एवं वेद अभिरुचि कार्यशाला प्रदेश के सभी 75 जनपदों में एक साथ किया जा रहा है। जनपद गाज़ियाबाद में यह कार्यशाला एड्यूलीडर्स यूपी ग्रुप के जनपद संयोजक डॉ. देवांकुर के नेतृत्व में प्राथमिक विद्यालय तिबड़ा 2, विकास क्षेत्र भोजपुर, जनपद गाजियाबाद में आयोजित की गई। 11 मई से शुरू होकर 20 मई तक चलने वाली 10 दिवसीय ग्रीष्मकालीन वेद एवं रामायण अभिरुचि कार्यशाला का आज रंगारंग समापन हुआ। प्रशिक्षिका रीना धतरवाल, प्रधान अध्यापिका प्राथमिक विद्यालय तिबड़ा नं 2 द्वारा प्रतिदिन श्रीरामचरितमानस का गायन एवं वाचन छात्रों के बीच किया गया।

आगंतुकों ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि श्री राम तथा रामायण के सभी पात्र आज पूर्णतया प्रासंगिक हैं और यह कार्यशाला भी आज के समय की मांग है। सभी अतिथियों ने उन्मुक्त कंठ से कार्यशाला की सराहना की।

इस अवसर पर संयोजक डॉ. देवांकुर, मुख्य प्रशिक्षक रीना धत्तरवाल, सह प्रशिक्षक रजनी और नीरज, विद्यालय के समस्त बच्चे व अभिभावक उपस्थित रहे।

# हाउस टैक्स संबंधित समस्याओं को सुलझाने के लिए निगम में बनी सिंगल विंडो, करदाताओं को मिलेगा समाधान



**सेल्फ एसेसमेंट फॉर्म भरते हुए करदाता अपने भवन का स्वयं कर निर्धारित करें- नगर आयुक्त**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर सम्मानित करदाताओं की सहूलियत के लिए प्रातः 10:00 से 12:00 बजे तक सिंगल विंडो हाउस टैक्स संबंधित प्रकरणों को सुलझाने तथा जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रारंभ कराई गई है जिसमें सदन कक्षा में मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉक्टर संजीव तथा विवेक सिंह मुख्य नगर लेखा परीक्षक की ड्यूटी लगाई गई है जिनके द्वारा प्रतिदिन हाउस टैक्स संबंधित संदर्भों पर सम्मानित करदाताओं से वार्ता करते हुए कार्रवाई की जाएगी। इसी क्रम में जोनल प्रभारी भी अपने-अपने जोन में प्रातः 10:00 से 12:00 बजे तक करदाताओं को संपूर्ण जानकारी देते हुए उनके प्रकरणों को सुलझाने का कार्य करेंगे।

शहरवासियों से अपने संपत्ति का स्वयं कर निर्धारित करने के लिए नगर आयुक्त द्वारा अपील की जा रही है जिसमें करदाता जोनल कार्यालय से सेल्फ एसेसमेंट फॉर्म भरते हुए अपनी संपत्ति का कर निर्धारित करने का कार्य स्वयं करेगा। जोनल प्रभारी सेल्फ एसेसमेंट फार्म की संपूर्ण जानकारी देते हुए करदाताओं का सहयोग करेंगे निर्देश दिए गए हैं।

# अनाज मंडी के व्यापारी बोले : अस्थायी व्यवस्था को अतिक्रमण बताना पूरी तरह गलत




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गोविन्दपुरम अनाज मंडी में कुछ दिन पहले प्रशासन ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। वहीं मंडी व्यापारियों का कहना है कि प्रशासन जिसे अतिक्रमण मान रहा है वह वास्तव में अनाज को बारिश और आंधी से बचाने के लिए की गई अस्थायी व्यवस्था है। इस मौसम में आंधी और बारिश आते हैं और यह गेहूं की फसल का मौसम है। गेहूं मंडी में बिक्री के लिए आता है और बड़े गोदामों की सुविधा ना होने के कारण उसे खुले में ही रखा जाता है। अनाज को आंधी, बारिश से बचाने के लिए यह व्यवस्था है। इस सम्बन्ध में व्यापारी लोकसभा सांसद अतुल गर्ग से भी मिल चुके हैं। बुधवार को गोविन्दपुरम के अनाजमंडी के व्यापारियों ने नोटिस मिलने के बाद मंडी समिति के सचिव से मुलाकात की और उन्हे कृषि उत्पादन मंडी समिति के निदेशक के नाम प्रेषित पत्र सौंपा। मंडी समिति के महामंत्री के सुधीर गोयल मोनू ने व्यापारियों की ओर से बात रखी और उन्होंने इस लैटर के माध्यम से कहा कि गाजियाबाद की अनाज मंडी के सचिव द्वारा गोविन्दपुरम मंडी के व्यापारियों को अतिक्रमण के संबंध नोटिस दिया गया।

## मंडी समिति का ये कर्तव्य है कि वो करे आश्रय स्थल की व्यवस्था सुनिश्चित

सचिव को सौंपे गये पत्र में कहा गया है कि गेहूं, चावल, तेल तिलहन आदि की फसलों को बचाने के लिए अस्थाई रूप से टीन शेड बनाकर रखना, खाद्यान व्यापार के लिए मूलभूत सुविधाओं की श्रेणी में आता है। तीस वर्ष बीतने के बाद भी आज तक वो स्वरूप और सुविधायें नहीं मिली। जिनका विवरण बताते हुए मंडी ने व्यापारियों को भूखण्ड और दुकानों का आवंटन किया गया था। पत्र में कहा गया है कि अस्थायी टीन शेड के आश्रय को अतिक्रमण बताना पूर्ण रूप से गलत है और अधिनियम की धारा 16 (4)(9) में यह मंडी समिति का कर्तव्य था और आश्रय स्थल की व्यवस्था सुनिश्चित करें। गोविन्दपुरम मंडी के व्यापारियों ने अस्थायी आश्रय को अतिक्रमण मानने से इंकार कर दिया और मंडी समिति के सचिव को उचित दिशा निर्देश देने की मांग की है।

# साकार हो रहा है पीएम मोदी का सपना, गुजरात में बढ़ी शेरों की संख्या



**गुजरात में शेरों की संख्या में इजाफा हुआ है। इसी साल मार्च में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गिर लायन सफारी की सैर की थी। पीएम मोदी ने इस दौरे में सेव लायन प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया था। गुजरात सरकार ने शेरों की 16वीं गणना के आंकड़े जारी किए हैं।**





अहमदाबादः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने के अनुसार गुजरात में एशियाई शेरों की संख्या लगातार बढ़ रही है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने बुधवार को शेरों की गिनती के बाद आंकड़े जारी किए। गुजरात में अब शेरों की संख्या बढ़कर 891 हो गई है। शेरों की यह गणना राज्य के 11 जिलों के 35,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में की गई थी। इस कार्य में वन विभाग के कर्मचारियों, स्थानीय लोगों और स्वयंसेवकों सहित 3,000 से अधिक लोगों ने भाग लिया था। गुजरात में शेरों की संख्या बढ़ने पर मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने खुशी व्यक्त की। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने गुजरात को गर्व कराने वाली इस उपलब्धि का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया। सीएम ने कहा कि पिछले ढाई दशकों में शेरों सहित वन्यजीवों के संरक्षण और प्रजनन के लिए अथक प्रयास किए गए हैं। प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किए गए 'प्रोजेक्ट लायन' के अंतर्गत पर्याप्त धनराशि के आवंटन के साथ शेरों के संरक्षण और उपचार के लिए कार्य किया गया है। सुखद परिणाम यह हुआ कि शेरों की संख्या और उनके निवास क्षेत्र में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

### 32 फीसदी की बढ़ोतरी

गुजरात वन विभाग द्वारा हर 5 साल में की जाने वाली यह गणना 10 से 13 मई, 2025 तक दो चरणों में की गई। गणना में 196 नर शेर, 330 मादा शेर, 140 शेरनियां और 225 शावक दर्ज किए गए, जो 2020 की गणना (674 शेर) की तुलना में 32.20% की वृद्धि दशार्ता है। राज्य में कुछ दिन पहले ही 16वीं गठना पूरी की गई थी। 2020 की जनगणना में 674 शेर (161 नर, 260 मादा, 93 शावक, 137 शावक) दर्ज किए गए, जबकि 2025 में 891 (196 नर, 330 मादा, 140 शावक, 225 शावक) की उल्लेखनीय वृद्धि होगी। शेरों का दायरा भी 2020 के 30,000 वर्ग किलोमीटर से बढ़कर 35,000 वर्ग किलोमीटर हो गया है। विशेषकर भावनगर, पोरबंदर और बोटाद जैसे जिलों में शेरों की उपस्थिति बढ़ी है, जबकि दीव के तट पर भी शेर देखे गए हैं। इस वृद्धि का श्रेय गिर वनस्पति की उपस्थिति, प्रचुर मात्रा में शिकार और स्थानीय लोगों की भागीदारी को दिया जाता है।

### कैसे हुआ सत्यापन?

शेरों की गणना में 'प्रत्यक्ष बिट सत्यापन' पद्धति का प्रयोग किया गया है, जो लगभग 100% सटीकता देती है। इस पद्धति में शेरों के शरीर पर मौजूद निशानों को रिकॉर्ड किया जाता है, जैसे चोट के निशान, कान की संरचना या शरीर के अन्य अंग। जीपीएस ट्रैकर्स, उच्च-रिजॉल्यूशन कैमरों, ई-गुजफॉरेस्ट एप्लिकेशन और जीआईएस सॉफ्टवेयर का उपयोग करके डेटा एकत्र और विश्लेषण किया गया। शेरों की गणना 735 ब्लॉकों में की गई, जिसमें 35,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को 8 क्षेत्रों, 32 जोनों और 112 उप-जोनों में विभाजित किया गया। इस अभियान में राज्य भर से वन अधिकारियों, कर्मचारियों, स्वयंसेवकों और स्थानीय लोगों सहित 3,254 लोग शामिल हुए। पीएम मोदी इसी साल मार्च में गुजरात की गिर सफारी पहुंचे थे। उन्होंने तब सेव लायन प्रोजेक्ट को लांच किया था।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। गुरुवार 22 मई -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# गाजियाबाद में तूफान-बारिश से कई स्थानों पर भारी नुकसान

## पेड़ गिरने से हापुड़ चुंगी कट पर एक की मौत, दर्जनों स्थानों पर लगा जाम

**- गोविंदपुरम, वसुंधरा हिंडन बैराज, मोहन नगर, राज नगर एक्सटेंशन, नेहरू नगर, शास्त्री नगर सहित दर्जनों स्थान पर टूटे बड़े-बड़े होर्डिंग्स और पेड़**

**- नवयुग मार्केट में शॉर्ट सर्किट से एटीएम में लगी भीषण आग**


लॉर्ड कृष्णा इंदिरापुरम के पास आंधी-तूफान से जमींदोज हुआ निगम का यूनिपोल।


तूफान के बाद हिंडन बैराज साहिबाबाद की टूटी हुई ग्रिल सड़क पर आ गई जिसके चलते जाम लगा रहा।


साहिबाबाद के लाजपत नगर इलाके में तूफान के बाद गिरा पेड़।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बुधवार की रात गाजियाबाद में अचानक से मौसम ने करवट ली और तेज तूफान के बाद बारिश और ओलावृष्टि भी हुई। तेज तूफान और जोरदार बारिश ने जहां जमकर कहर मचाया है। तो वहीं दर्जनों स्थानों पर बड़े-बड़े पेड़, होल्डिंग्स और खंबे गिर गए, जिसके बाद पूरे शहर की बिजली की आपूर्ति ठप हो गई और हापुड़ चुंगी स्थित पहलवान ढाबे के निकट पेड़ की डाली गिरने के नीचे एक बाइक सवार आ गया, जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक मसूरी के गांव सिकरौदा निवासी 40 वर्षीय मुजम्मिल बताया जा रहा है। तो वहीं वसुंधरा स्थित हिंडन बैराज पर लगी लोहे की रेलिंग उखड़ गई। साथ ही राज नगर एक्सटेंशन में कई स्थानों पर खंबे और पेड़ टूटने से एलिवेटेड रोड सहित मोहन नगर और गाजियाबाद के कई इलाकों में भीषण जाम की स्थिति भी देखने को मिली है।

भीषण आंधी तूफान के बाद गाजियाबाद शहर के अधिकांश इलाकों की बिजली गुल हो गई। तो वहीं आंधी तूफान के बीच नवयुग मार्केट स्थित एक एटीएम में शॉर्ट सर्किट से आग ने लाखों का नुकसान कर दिया है। वहीं बारिश के बाद गर्मी से राहत तो मिल गई पर बदले मौसम से पहले तूफान का तांडव डराने वाला रहा।

### दर्जनों स्थानों पर गिरे पेड़ और बड़े-बड़े होल्डिंग्स





करंट क्राइम : बुधवार की शाम तेज आंधी तूफान और बारिश के बाद जगह-जगह बड़े-बड़े पेड़ और होल्डिंग्स गिर गए। कई स्थानों पर भारी नुकसान हुआ है। तो वहीं अलग-अलग स्थानों पर नुकसान होने के बाद नगर निगम, विद्युत निगम और दमकल विभाग की टीमों ने मोर्चा संभालने का काम किया। वहीं मधुबन बापूधाम थानाक्षेत्र अंतर्गत हापुड़ चुंगी पर एक पेड़ गिरने से मसूरी निवासी मुजिम्मल की मौत हो गई है। तो वहीं पुराने बस अड्डे पर होल्डिंग गिरने से दो लोग मामूली रूप से घायल हुए। इसके साथ ही मोहन नगर और वसुंधरा साहिबाबाद सब्जी मंडी के निकट बड़ा होल्डिंग और दिशा सूचक गिरने के बाद सड़क पर घंटों तक जाम लग रहा।

### नगर निगम, विद्युत कर्मियों और ट्रैफिक पुलिस में संभाली सड़कों पर कमान





करंट क्राइम : बुधवार को आंधी तूफान और बारिश के बाद सड़कों और प्रमुख इलाकों में नगर निगम, विद्युत निगम और यातायात पुलिस की टीमों ने कमान संभाली। हापुड़ रोड पर 30 से अधिक स्थानों पर पेड़ और होल्डिंग गिरने से यातायात व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गई। तो हापुड़ चुंगी से लेकर डासना, मसूरी और मुरादनगर से लेकर मोदी नगर मार्ग तक भीषण जाम लग गया। जिसके बाद यातायात पुलिस की टीम ने कई लोकल रास्तों से रूट डॉयवर्जन करवाकर वाहनों को निकलवाने का काम किया। तो वहीं हिंडन एलिवेटेड रोड और राज नगर एक्सटेंशन पर भी जाम की स्थिति घंटे तक बनी रही। इस दौरान नगर निगम के नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक और महापौर सुनीता दयाल के निर्देश के बाद अलग-अलग जोनल के अधिकारियों ने फील्ड पर उतरकर राहत एवं सुधार कार्य करने के लिए कमान संभाली।





### गर्मी से मिली राहत पर जनजीवन हो गया प्रभावित





करंट क्राइम : बुधवार की शाम अचानक तेज आंधी, तूफान, बारिश और ओलावृष्टि होने के बाद लोगों को दिन में होने वाली भीषण गर्मी से तो राहत मिल गई लेकिन कुछ ही देर के बिगड़े मौसम के बाद गाजियाबाद में कई इलाकों के हालात बदल गए। जहां आधे से अधिक शहर में अंधेरा छा गया, तो वहीं घंटों कई इलाकों में बिजली गुल रही। देर रात तक कई इलाकों में बिजली की टूटे पोल और लाइन ठीक करने का काम जारी रहा। तो वहीं पेड़ टूटने और सड़क हादसों के बाद जान माल का भी नुकसान होने की जानकारी मिली है। उधर पुलिस कंट्रोल रूम से मिली सूचना के अनुसार कई इलाकों में देर रात तक पुलिस और ट्रैफिक की टीम मौके पर मौजूद रही।











# पुलिस कमिश्नर ने सिटी जोन के 781 पुलिसकर्मियों को सिखाई बीट और सिटीजन पुलिसिंग

## सीपी ने पुलिसकर्मियों से पूछी उनकी समस्या और कहा मैस, टॉयलेट और बैरक रखें हमेशा साफ

### रात के वक्त महिला पुलिसकर्मियों को सरकारी वाहनों से ही भेजा जाएगा, डीसीपी और एसीपी को दिया निर्देश बीट बुक का हो समय-समय पर निरीक्षण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ ने बुधवार को नेहरू नगर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में नगर जोन के समस्त गजटेड अधिकारियों, थाना प्रभारियों, चौकी प्रभारियों, बीट पुलिसिंग के ओपीओ अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान पुलिस कमिश्नर ने आवश्यक दिशा निर्देश देने के साथ ही पुलिसकर्मियों से सीधा संवाद करते हुए उनकी समस्या और अपने सुझाव दिए। सिटी जोन के अंतर्गत पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के छह थानों को मिलाकर कुल 543 बीट क्षेत्र में विभाजित किया गया है जिसमें 333 बीट उपनिरीक्षक और 448 बीट पुलिस अधिकारियों की नियुक्ति की गई है।

पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ ने बीट पुलिस अधिकारियों को लगातार साफ सुधरी वर्दी पहनने के साथ ही सप्ताह में तीन बार अपने बीट क्षेत्र का भ्रमण करने का निर्देश दिया है। साथ ही बच्चों, दिव्यांगजनों, महिलाओं, बुजुर्गों और गरीब लोगों के साथ शालीनता से व्यवहार करने का भी निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही अवैध रूप से होने वाले क्रियाकलापों पर नजर रखने और उनको बंद कराने के लिए बीट पुलिस अधिकारी द्वारा क्या प्रयास किया जा रहे हैं, इसको भी अपनी बीट बुक में लिखना होगा। वहीं उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि एसीपी और डीसीपी स्तर के अधिकारी समय-समय पर बीट अधिकारियों की बीट बुक का निरीक्षण करेंगे।




### सीपी ने कहा, थाने की मैस से लेकर बैरक-टॉयलेट होना चाहिए साफ



**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ ने सिटी जोन के सभी थाना प्रभारियों और एसीपी स्तर के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि थाने की मैस साफ सुथरी होनी चाहिए। साथ ही टॉयलेट का समय-समय पर खुद प्रभारी निरीक्षक करते हुए सफाई व्यवस्था पर ध्यान देंगे। साथ ही बैरक भी समय-समय पर एसीपी स्तर के अधिकारी द्वारा निरीक्षण किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने बीट पुलिस ऑफिसर एवं बीट उप निरीक्षक द्वारा गणमान्य व्यक्तियों, डिजिटल वॉलंटियर और जनता के व्यक्तियों के साथ व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर उनसे लगातार संपर्क एवं समन्वय बनाने का भी निर्देश दिया है।

### पुलिस कमिश्नर का फरमान, हर बैरक में लगेगा जीरो वाट का बल्ब

**करंट क्राइम :** बुधवार को सिटी जोन की हुई इस बैठक के दौरान पुलिस कमिश्नर द्वारा सभी थाना प्रभारियों से कहा गया है कि वह अपने थानों की बैरक में जीरो वाट का बल्ब अवश्य लगाएंगे। इसका मकसद बैरक में रातभर निगरानी रखने के साथ ही प्रकाश की व्यवस्था से भी है ताकि किसी प्रकार की अनहोनी ना हो और आने वाले बरसाती सीजन में किसी प्रकार के जीव जंतु बैरक में ना पहुंच सकें। यहां पर बता दें कि करीब एक साल पहले मधुबन बापूधाम थाने की बैरक में जहरीला कोबरा सांप निकल आया था। जिसे लोगों ने देख लिया था और इसके बाद थाने में हड़कंप वाला सीन मच गया था। इसकी वीडियों और फोटो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुई थी। इसी को ध्यान में रखते हुए उनके द्वारा यह निर्देश दिया गया है।

### पुलिस कमिश्नर ने पुलिसकर्मियों से पूछा, बताओ क्या आ रही है ड्यूटी समस्या





**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ लगातार बीट पुलिसिंग और पुलिस कर्मियों द्वारा जनता के साथ बेहतर संवाद और शिष्टाचार व्यवहार रखने का पाठ पढ़ा रहे हैं। बुधवार को सिटी जोन के पुलिस कर्मियों के साथ में बैठक कर रहे थे। इस दौरान पुलिसकर्मियों से माइक पर पूछा कि पुलिस कर्मियों को ड्यूटी के दौरान क्या परेशानियां आ रही हैं। जिस पर मोरटा चौकी प्रभारी द्वारा पुलिस वाहन की समस्या से अवगत कराया गया। तो वहीं एक महिला कांस्टेबल द्वारा बताया गया की रात को कई बार क्षेत्र में जाने के लिए परेशानी आती है। जिसपर पुलिसकर्मियों को निर्देश दिया कि कोई भी महिला पुलिसकर्मी रात को किसी भी मामले में जाएगी तो वह सरकारी वाहन का ही प्रयोग करें, निजी वाहन में उसे ना लेकर जाया जाए। इस दौरान एक थानाक्षेत्र के पुलिसकर्मियों ने पुलिस कमिश्नर को अवगत कराया कि उनके क्षेत्र में जो अस्पताल है, वहां से पुलिस को सहयोग नहीं मिलता है। कई बार स्थिति बिगड़ती भी है।



### एडिशनल सीपी, डीसीपी और सभी एसीपी रहे मौजूद

**करंट क्राइम :** बुधवार को पुलिस कमिश्नर द्वारा नेहरू नगर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में नगर जोन के समस्त राजप्रत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों, चौकी प्रभारियों, बीट और बीट पुलिस अधिकारियों का सम्मेलन किया गया। इस सम्मेलन में एडिशनल सीपी अपराध एवं कानून व्यवस्था आलोक प्रियदर्शी, डीसीपी सिटी जोन धवल जयसवाल, एसीपी कवि नगर स्वतंत्र सिंह, एसीपी नंदग्राम पूनम मिश्रा और एसीपी घंटाघर कोतवाली रितेश त्रिपाठी के अलावा सिटी जोन के सभी छह थानों के प्रभारी भी उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# रूस-यूक्रेन जंग अब शांति की राह पर

पिछले दिनों यूक्रेन की ओर से शांति वार्ता से पहले युद्ध विराम की पेशकश को रूस ने खारिज कर दिया था। अब डोनाल्ड ट्रंप से बातचीत में पुतिन ने शांति वार्ता शुरू करने पर सहमति जता दी है, लेकिन वार्ता की राह आसान नजर नहीं आ रही है।

रूस और यूक्रेन के बीच जारी जंग को रोकने की दिशा में हो रहे प्रयासों के अब सकारात्मक संकेत नजर आने लगे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच टेलिफोन पर हुई बातचीत से शांति की राह खुलती नजर आ रही है। इस दौरान पुतिन ने युद्ध विराम के लिए वार्ता शुरू करने पर सहमति जताई है। करीब दो घंटे से अधिक समय तक चली इस बातचीत के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि रूस और यूक्रेन युद्ध विराम पर वार्ता जल्द शुरू करेंगे। पिछले दिनों यूक्रेन की ओर से शांति वार्ता से पहले युद्ध विराम की पेशकश को रूस ने खारिज कर दिया था। अब डोनाल्ड ट्रंप से बातचीत में पुतिन ने शांति वार्ता शुरू करने पर सहमति जता दी है, लेकिन वार्ता की राह आसान नजर नहीं आ रही है। पुतिन पहले ही साफ कर चुके हैं कि स्थायी युद्ध विराम के लिए यूक्रेन को मिलने वाली हर तरह की बाहरी सहायता पर पूर्ण रोक और उसे नाटो सदस्यता न देने जैसी शर्तें प्रमुख होंगी। वहीं, यूक्रेन का कहना है कि वह अपनी संप्रभुता को लेकर कोई समझौता नहीं करेगा और रूस को यूक्रेन की कब्जा की गई जमीन वापस करनी होगी। मुश्किलों से भरी है पूर्ण युद्ध विराम की राह इन हालात में माना जा रहा है कि निश्चित रूप से पूर्ण युद्ध विराम की ओर ले जाने वाली आगे की राह मुश्किलों से भरी है। एक रपट के मुताबिक, यूक्रेन की कुल भूमि का करीब पांचवां हिस्सा वर्तमान में रूस के कब्जे में है। सवाल है कि क्या रूस यह भू-भाग लौटा देगा? या, यूक्रेन इस जमीन पर अपना दावा छोड़ देगा? विश्व बैंक की एक रपट के अनुसार तीन वर्ष से चल रहे इस युद्ध में अकेले यूक्रेन को 152 अरब डालर का नुकसान हो चुका है। इसके अलावा, दोनों देशों में जनहानि अलग से हो रही है। यह सर्वविदित है कि किसी भी समस्या के स्थायी समाधान के लिए शांतिपूर्ण माहौल में बातचीत से बेहतर विकल्प और कुछ नहीं है। ऐसे में उम्मीद की जानी चाहिए कि रूस और यूक्रेन शांति वार्ता के लिए कदम आगे बढ़ाएंगे और उसका सुखद नतीजा सामने आएगा।

# भोली निर्मल ने कृष्ण लाल मित्र की ओर इशारा करके कहा वो जेडा मुंडा है...

**संस्मरण**



मेरे माता-पिता की शादी किस प्रकार हुई इसकी भी एक कहानी है। उसको मैं आज आपसे साझा कर रहा हूं। इस भय और अनिश्चितता के वातावरण में एक निश्छल प्रेम कहानी भी चल रही थी। कृष्ण लाल मित्र की मां रामप्यारी चिन्योटकी निवासी थी। उनके बचपन की एक सहेली थी सरस्वती दोनों सहेलियों में बहुत प्रेम था। रामप्यारी की शादी पंडित बद्रीनाथ से हुई। दूसरी ओर सरस्वती देवी का विवाह पास के गांव जंग मघियाना के डॉक्टर गंगाधर के साथ संपन्न हुआ तो वह वहां पहुंच गई। विवाह के बाद भी दोनों सहेलियों में प्यार और संपर्क निरंतर बना रहा। जब कृष्ण लाल मित्र 7 वर्ष के थे और सरस्वती देवी की छोटी बिटिया निर्मल कांता 2 वर्ष की थी। उसी समय दोनों मुंह बोली बहनों ने कृष्ण और निर्मल का रिश्ता तय कर दिया। बाद में इस रिश्ते पर डॉक्टर गंगाधर और पंडित हरगोविंद ने भी स्वीकृति की मोहर लगा दी। विभाजन के समय निर्मल कांता की आयु 7 से 8 वर्ष थी और कृष्ण लाल मित्र लगभग 13 वर्ष के थे। शिविर में डॉक्टर गंगाधर का परिवार भी था। निर्मल कांता इस बात से अनभिज्ञ थी कि उनका भावी वर शिविर में उनके पास ही है जबकि कृष्ण लाल मित्र इस बात को जानते थे। होता यह था कि कृष्ण लाल मित्र पानी की लाइन में सबसे पहले जाकर लग जाते। जब निर्मल कांता पानी लेने आती तो कृष्ण लाल मित्र उन्हें अपने हिस्से का पानी दे देते। जब कई बार ऐसा हुआ तो सरस्वती देवी ने बेटी से पूछा तू इतनी जल्दी पानी लेकर कैसे आ जाती है। इस पर भोली निर्मल ने कृष्ण लाल की ओर इशारा करके कहा वो जेडा मुंडा है वह दे देता है। सरस्वती देवी ने बेटी को प्यार से झिड़कते हुए कहा वह तेरा होने वाला घरवाला है। अब तू पानी लेने ना जाना। मां का कहना मानकर निर्मल कांता फिर पानी लेने नहीं गई और कृष्ण लाल मित्र इंतजार करते रहे। अपनी कांता की बाट जोहते रहे लेकिन उसे नहीं आना था तो नहीं आई।



हिमांशु लव (पूर्व पार्षद)

# धनशोधन से जुड़े मामले में मुंबई-कोलकाता समेत देश के कई शहरों में तलाशी अभियान

**नई दिल्ली।** जांच एजेंसी ईडी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में बताया है कि एक फर्म में कथित धन शोधन की जांच के सिलसिले में मुंबई, कोलकाता और बंगलूरू समेत देश के कई शहरों में तलाशी अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत की गई।



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को मुंबई, बेंगलुरु, जालंधर, इंदौर और कोलकाता सहित विभिन्न शहरों में तलाशी अभियान चलाया। एजेंसी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में बताया कि एक फर्म में कथित धन शोधन की जांच के सिलसिले में यह तलाशी धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत की गई।

तलाशी अभियान के दौरान ईडी ने करीब 6.43 लाख रुपये मूल्य की विदेशी मुद्राएं जब्त कीं। इनमें अमेरिकी डॉलर, सिंगापुर डॉलर और दिरहम शामिल हैं। इसके अलावा 55.74 लाख रुपये मूल्य के सोने के सिक्के भी जब्त किए गए। इसके अलावा बैंक खातों में करीब 94 लाख रुपये की राशि भी जब्त कर ली गई।

एजेंसी ने बताया कि संपत्ति के दस्तावेज, कई डिजिटल डिवाइस और विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज भी जब्त किए गए।

# ईपीएफओ से मार्च 2025 में 14.5 लाख सदस्य जुड़े, रोजगार में इजाफे का मिलता है संकेत





**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) से मार्च 2025 में 14.58 लाख नए सदस्य जुड़े हैं। यह आंकड़ा पिछले साल की तुलना में 1.15 प्रतिशत अधिक है। ईपीएफओ से अकेले मार्च में लगभग 7.54 लाख सदस्य पहली बार पंजीकृत हुए। जो फरवरी की तुलना में 2.03 प्रतिशत ज्यादा है। वहीं मार्च 2024 की तुलना में 0.98 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई। श्रम व रोजगार मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि ईपीएफओ में साल दर साल सदस्यों के नामांकन में बढ़ोतरी हो रही है। यह रोजगार के अवसरों में वृद्धि और कर्मचारी लाभों के बारे में बढ़ती जागरूकता को दशार्ती है, जो ईपीएफओ की प्रभावी पहुंच पहलों से बढ़ी है।

### 18 से 25 साल के युवाओं का दबदबा

डेटा बताती है कि 18 से 25 साल की आयु के लोगों का दबदबा सबसे ज्यादा है। इस आयु वर्ग में 4.45 लाख नए सदस्य जोड़े गए, जो मार्च 2025 में जोड़े गए कुल नए सदस्यों का 58.94 प्रतिशत है। मार्च 2025 में इस आयु वर्ग में नए सदस्यों की संख्या में फरवरी 2025 की तुलना में 4.21 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वहीं मार्च 2024 की तुलना में 4.73 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

इसके अलावा, मार्च 2025 में 18-25 आयु वर्ग के नेट पेयरोल में लगभग 6.68 लाख की वृद्धि हुई, जो मार्च 2024 की तुलना में 6.49 प्रतिशत अधिक है। मंत्रालय ने कहा, "यह पहले के रुझान के अनुसार है, जो दशार्ता है कि संगठित कार्यबल में शामिल होने वाले अधिकतर युवा हैं, जो मुख्य रूप से पहली बार नौकरी में उतरे हैं।

### 13.23 लाख सदस्य वापस जुड़े

मार्च 2025 में लगभग 13.23 लाख सदस्य, जो पहले निकल चुके थे, वापस ईपीएफओ में शामिल हुए। यह आंकड़ा फरवरी 2025 की तुलना में 0.39 प्रतिशत अधिक है। वहीं, मार्च 2024 की तुलना में 12.17 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि भी हुई है।

महिला सदस्यों की संख्या में हुई बढ़ोतरी इस साल मार्च में लगभग 2.08 लाख नए महिला सदस्य शामिल हुई हैं, जो फरवरी की तुलना में 0.18 प्रतिशत ज्यादा है। यह मार्च 2024 की तुलना में 4.18 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि को दशार्ता है। इसके अलावा, मार्च 2025 में महिलाओं के नेट पेयरोल में लगभग 2.92 लाख की वृद्धि हुई।

# जी20 अर्थव्यवस्थाओं में भारत की स्थिति मजबूत

## मूडीज ने कहा- वैश्विक व्यापारिक व्यावधानों का असर नहीं

**नई दिल्ली।** मूडीज रेटिंग्स की बुधवार को जारी रिपोर्ट में भारत की अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक टिप्पणी की गई है। रिपोर्ट के अनुसार भारत अमेरिकी टैरिफ और वैश्विक व्यापार व्यवधानों के नकारात्मक प्रभावों से निपटने के मामले में अच्छी स्थिति में है।

भारत की बड़ी घरेलू अर्थव्यवस्था और निर्यात पर कम निर्भरता स्थिति को मजबूत बनाती है। यदि व्यापार वार्ता करने से अन्य बाजारों की तुलना में भारत पर टैरिफ कम हो जाता है, तो अमेरिकी बाजारों में भारत-निर्मित वस्तुओं की मांग बढ़ सकती है और इससे भारत को लाभ होगा।





### मूडीज ने दी चेतावनी

मूडीज ने चेतावनी दी है कि विनिमय दर में उतार-चढ़ाव मौद्रिक नीति में ढील की गति को प्रभावित कर सकता है। दरों में बहुत तेजी से कमी करने से पूंजी में गिरावट बढ़ सकती है और रुपये का मूल्य तेजी से गिर सकता है, जो पिछले साल के आखिर में डॉलर के मुकाबले काफी कमजोर हुआ था। हालांकि अन्य उभरते बाजारों की मुद्राओं के साथ-साथ रुपया कुछ हद तक मजबूत हुआ है।

### बैंकों को गैर-ब्याज आय में लाभ मिलेगा

बैंकों के लिए गैर-ब्याज आय में इजाफा होगा। इसमें बड़े कारोबारी वॉल्यूम, वेल्थ और बीमा सेवाओं और अवसरवादी बॉन्ड के कारण लाभ मिलेगा। मूडीज ने कहा, "कुल मिलाकर, हमें उम्मीद है कि संपत्तियों पर सिस्टमवाइड रिटर्न वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में 1.40% से घटकर वित्त वर्ष 26 में 1.25% की सीमा तक आ जाएगा।

### आर्थिक वृद्धि 6.7% से घटकर 6.3% हो सकती है

रेटिंग्स एजेंसी ने कहा कि हमें उम्मीद है कि 10 प्रतिशत वैश्विक टैरिफ और अमेरिका की ज्यादातर चीनी सामानों पर लगाई गई 30% टैरिफ वैश्विक विकास में बाधा डालेंगी। इससे वर्ष 2025 में भारत की आर्थिक वृद्धि 6.7% से घटकर 6.3% हो सकती है। फिर भी, यह वृद्धि दर जी-20 अर्थव्यवस्थाओं में सबसे अधिक होगी। सरकार की निजी खपत बढ़ाने, उद्योगों की क्षमता बढ़ाने और बुनियादी ढांचे पर खर्च बढ़ाने की योजनाएं वैश्विक मांग में कमी के प्रभाव को कम करेंगी।

### भारत के बुनियादी ढांचे पूंजी निवेश को आकर्षित करेंगे

मूडीज के अनुसार, अमेरिकी टैरिफ का प्रभाव अधिकांश बुनियादी ढांचा पर कम प्रभाव पड़ेगा, क्योंकि यह क्षेत्र घरेलू मांग पर निर्भर है और सरकारी समर्थन से लाभान्वित होता है। उन्होंने आगे कहा कि बिजली, परिवहन और डिजिटल बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों की मजबूत मांग अगले पांच-सात सालों में पूंजी निवेश को आकर्षित करना जारी रखेगी।

### भारत की बैंकिंग व्यवस्था स्थिर और मजबूत है-मूडीज

रेटिंग एजेंसी ने कहा कि वैश्विक अस्थिरता के बावजूद भारत का मजबूत बैंकिंग बाजार और स्थिर ऋण स्थितियां इसकी आर्थिक मजबूती को रेखांकित करती हैं। फिर भी, वैश्विक आर्थिक और ऋण स्थितियों में गिरावट का असर पड़ेगा। महंगाई में कमी से ब्याज दरों में कटौती की संभावना बनती है, जिससे अर्थव्यवस्था को और अधिक समर्थन मिलेगा। साथ ही बैंकिंग क्षेत्र की आसान प्रक्रिया होने से ऋण देने में सुविधा होगी।

## रोचक तथ्यों का करंट

- दुनिया में 11 प्रतिशत लोग बाएं हाथ का इस्तेमाल करते हैं।
- अगस्त में सबसे ज्यादा लोग पैदा होते हैं।
- खाने का स्वाद उसमें सलाइवा (लार) मिलने के बाद ही आता है।
- औसतन लोग बिस्तर में जाने के 7 मिनिट में सो जाते हैं।
- भालू के 42 दांत होते हैं।
- शुतुरमुर्ग की आंख उसके दिमाग से बड़ी होती है।
- नींबू में स्ट्राबेरी के मुकाबले अधिक शक्कर होती है।
- आठ प्रतिशत लोगों में एक अतिरिक्त पसली होती है।
- दुनिया के 85 प्रतिशत पौधे समुद्र के अंदर होते हैं।
- हवायन अल्फाबेट सिर्फ 13 होते हैं।
- मिक्की माउस का इटली में नाम टोपोलिनो है।
- एक केकड़े का खून रंगहीन होता है। ऑक्सीजन मिलने के बाद यह नीला हो जाता है।
- पक्षियों को निगलने के लिए ग्रेविटी की जरूरत होती है।
- अंग्रेजी अल्फाबेट का सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला लेटर ए है।
- विश्व की दो सबसे अधिक कॉमन इस्तेमाल होने वाली भाषाएं मैंड्रियन चायनीज, स्पैनिश और अंग्रेजी है।

## राशिफल

**मेष:** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। कारोबार में व्यस्तता बढ़ेगी।

**वृष:** आत्मविश्वास से परिपूर्ण होंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के योग बन रहे हैं। कार्यभार में वृद्धि होगी।

**मिथुन:** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कारोबार में परेशानी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं।

**कर्क:** मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के अवसर मिल सकते हैं। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**सिंह:** मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भवन के रखरखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**कन्या:** क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा।

**तुला:** मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। भवन सुख में वृद्धि हो सकती है। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कारोबार से आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**धनु:** मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु बातचीत में संयत रहें। नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है।

**मकर:** मन में नकारात्मकता के प्रभाव से बचें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। धन की प्राप्ति होगी।

**कुंभ:** वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। खर्चों में वृद्धि होगी।

**मीन:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी, परन्तु खर्चों की अधिकता से चिंतित रहेंगे।

## चुटकुले

पत्नी- मुझे एक कुत्ता खरीदना है।
पति- तुम्हें कुत्ता ही क्यों खरीदना है?
पत्नी- ताकि तुम्हारे ऑफिस जाने के बाद कोई तो मेरे आगे पीछे दुम हिलाने वाला हो।

एक दिन चिंटू पंडित जी के पास गया।
पंडित - तुम्हारी कुंडली में धन ही धन लिखा है।
चिंटू - वो तो सब ठीक है पंडित जी लेकिन ये तो बताइए इस धन को बैंक में कैसे ट्रांसफर करुं।
पंडित बेहोश!

एक बार पति-पत्नी घूमने जा रहे थे...
रास्ते मे गधा मिला, पत्नी को मजाक सूझी...
पत्नी - आपके रिश्तेदार हैं, नमस्ते करो
पति भी कम नहीं था
बोला, ससुर जी नमस्ते





प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# 23 मई को बंगलूरू में होने वाला आईपीएल मैच लखनऊ शिफ्ट, रोकी गई हैदराबाद की टीम; दो बार आएंगे कोहली




**नई दिल्ली।** बीते दिनों टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहने वाले विराट कोहली आईपीएल में धूम मचा रहे हैं। अब बंगलूरू में 23 मई को प्रस्तावित रॉयल चैलेंजर्स और सनराइजर्स हैदराबाद का मुकाबला मौसम खराब होने के कारण लखनऊ में शिफ्ट किया गया है। इस खबर के साथ शहर में विराट के प्रशंसक खुशी से झूम रहे हैं, क्योंकि अब उन्हें एक नहीं, बल्कि दो बार अपने पसंदीदा खिलाड़ी का जलवा देखने का मौका मिलेगा।

विराट को लेकर शहर में पहले से ही काफी उत्साह था। दरअसल, यहां 27 मई को लखनऊ और बंगलूरू का मैच तय है। विराट को खेलता देखने के लिए इस मुकाबले के टिकट काफी पहले ही बिक चुके हैं। अब 23 मई को इकाना स्टेडियम में हैदराबाद और बंगलूरू का मैच विराट प्रसंशकों के लिए बोनस है। मंगलवार शाम को हैदराबाद की टीम बंगलूरू के लिए उड़ान भरने वाली थी, लेकिन उन्हें लखनऊ में ही रुके रहने के लिए कह दिया गया है। मुकाबले के लिए बंगलूरू टीम बुधवार को लखनऊ आ जाएगी। टीम का बृहस्पतिवार को इकाना स्टेडियम में अभ्यास का शेड्यूल भी है। इस दिन हैदराबाद की टीम भी अभ्यास कर सकती है। प्लेऑफ के मुकाबले की मेजबानी का इंतजार कर रहे थे, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। इसमें निराश होने की कोई बात नहीं है, क्योंकि अब प्रशंसक अपने पसंदीदा विराट कोहली को इकाना स्टेडियम एक नहीं, दो बार खेलते दिखेंगे। उम्मीद है कि इन मुकाबलों को देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक अपनी उपस्थित दर्ज कराएंगे।

### प्लेऑफ नहीं तो एक अतिरिक्त लीग मैच ही सही

पिछले तीन साल से आईपीएल के मुकाबलों की मेजबानी करने वाले लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में पहली बार आठ मुकाबले खेले जाएंगे। पहले दो सत्रों में लखनऊ सुपरजांयट्स के घरेलू मैदान में सात-सात लीग चरण के मुकाबले खेले गए थे। हालांकि इस सत्र में आईपीएल के मुकाबलों को लेकर उमड़ी भीड़ को देखकर लगा था कि शायद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) लखनऊ को प्लेऑफ मुकाबले की मेजबानी दे दे, लेकिन ऐसा हो न सका। इसके बाद यहां एक अतिरिक्त मैच आने से स्टेडियम प्रबंधन भी उत्साहित है।

# प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई करने उतरेगी मुंबई, दिल्ली की नजरें वापसी पर; संभावित प्लेइंग-11





**नई दिल्ली।** हार्दिक पांड्या की अगुआई वाली मुंबई इंडियंस की नजरें प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई करने पर टिकी होंगी। मुंबई की टीम का सामना बुधवार को दिल्ली कैपिटल्स से होगा। अगर मुंबई की टीम ये मुकाबला जीतने में सफल रही तो 16 अंक लेकर प्लेऑफ में पहुंच जाएगी क्योंकि दिल्ली इसके बाद अधिकतम 15 अंक ही हासिल कर पाएगी। अब तक गुजरात टाइटंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और पंजाब किंग्स ने प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई किया है। चौथे स्थान के लिए मुंबई और दिल्ली के बीच मुकाबला है।

सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हार के साथ सोमवार को लखनऊ सुपरजाएंट्स की प्लेऑफ में जगह बनाने की उम्मीद भी खत्म हो गई। एकमात्र उपलब्ध प्लेऑफ स्थान के लिए अब मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच होड़ है। दोनों टीमें बुधवार को जब यहां आमने-सामने होंगी तो दोनों की नजरें इस मुकाबले को जीतकर अपना दावा मजबूत करने पर टिकी होंगी।

मुंबई ने बेहद खराब शुरूआत के बाद जोरदार वापसी की और अब शीर्ष चार में शामिल है। दिल्ली की शुरूआत काफी अच्छी रही थी लेकिन टीम अपने पिछले छह मैच में सिर्फ एक जीत दर्ज कर पाई है। मुंबई इंडियंस (14 अंक) और दिल्ली कैपिटल्स (13 अंक) दोनों के पास प्लेऑफ में जगह बनाने का मौका है लेकिन वानखेड़े स्टेडियम में मेजबान टीम प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगी। दिल्ली कैपिटल्स को आगे बढ़ने के लिए अपने बचे हुए दोनों मुकाबले जीतने की जरूरत है। दोनों टीमों को अपने आखिरी मुकाबले पंजाब किंग्स के खिलाफ खेलने हैं।

मुंबई इंडियंस की फॉर्म और गहराई उनके पक्ष में है। टीम को हालांकि लगभग दो सप्ताह पहले गुजरात टाइटंस के खिलाफ करीबी मैच में हार का सामना करना पड़ा था। लगातार छह जीत के बाद मुंबई को यह हार झेलनी पड़ी थी। जीत के साथ मुंबई की टीम प्लेऑफ में पहुंच जाएगी लेकिन हार की स्थिति में उनका भाग्य 24 मई को दिल्ली और पंजाब के बीच होने वाले मुकाबले के नतीजे पर निर्भर करेगा। महेला जयवर्धने के मार्गदर्शन में खेल रही टीम हालांकि दिल्ली को हराकर अगर-मगर पर विराम लगाना चाहेगी।

मुंबई के सुपरस्टार रोहित शर्मा पर सभी की नजरें होंगी क्योंकि टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा के बाद यह उनका पहला मैच होगा। यह अनुभवी बल्लेबाज अपनी पूरी ताकत झोंकने और अपनी टीम को जीत दिलाने के लिए उत्सुक होगा। मुंबई की टीम अपने मौजूदा संयोजन का भी पूरा लाभ उठाना चाहेगी जिसमें रेयान रिकेल्टन और कॉर्बिन बॉश प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

# एचएस प्रणय और करुणाकरन की शानदार जीत दूसरे दौर में पहुंचे; सिंधू पहले ही दौर में बाहर







**नई दिल्ली।** एचएस प्रणय और सतीश करुणाकरन ने पुरुष एकल मुकाबलों में उलटफेर करते हुए जीत हासिल की और मलेशिया मास्टर्स बैडमिंट टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बना ली। हालांकि, दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू को बुधवार को महिला एकल मुकाबले के पहले ही दौर में हार का सामना करना पड़ा और वह टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। प्रणय ने पहले जापान के पांचवीं वरीयता प्राप्त केंटा निशिमोतो को एक घंटे 22 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में 19-21, 21-17, 21-16 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। इसके बाद करुणाकरन ने तीसरी वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे के चोउ टिएन चेन को महज 39 मिनट में 21-13, 21-14 से हराया। भारत के एक अन्य पुरुष खिलाड़ी आयुष शेट्टी भी अगले दौर में पहुंचने में सफल रहे। आयुष ने कनाडा के ब्रायन यांग को 20-22, 21-10, 21-8 से मात दी। पुरुष एकल वर्ग में जहां भारत के लिए अच्छा दिन रहा, वहीं, महिलाओं के वर्ग में सिंधू की खराब फॉर्म यहां भी बरकरार रही और वह इस सुपर 500 टूर्नामेंट का शुरूआती दौर ही पार नहीं कर सकीं। सिंधू को वियतनाम की नगुयेन थियू लिंथ के खिलाफ 11-21, 21-14, 15-21 से हार मिली।

# चुराह की चंपा ठाकुर कबड्डी वर्ल्ड कप शिविर के लिए चुनीं




**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के उपमंडल चुराह की ग्राम पंचायत बघेईगढ़ की रहने वाली चंपा ठाकुर का चयन आगामी कबड्डी विश्व कप के राष्ट्रीय शिविर के लिए हुआ है। प्रशिक्षण शिविर सोनीपत में चल रहा है। यह 30 मई तक चलेगा। शिविर में देशभर से करीब 35 कबड्डी खिलाड़ी भाग ले रही हैं। प्रशिक्षण के आधार पर ही विश्व कप की टीम घोषित की जाएगी।

चंपा के पिता रमेश ठाकुर पेशे से पहलवान हैं, बेटा कुश्ती में अपना भविष्य संवार रहा है। इसके अलावा बेटी चंपा ठाकुर भी कबड्डी में जिले का नाम देशभर में रोशन कर रही हैं। गत वर्ष राष्ट्रीय जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता में चंपा ठाकुर ने गोल्ड मेडल जीता था। यह प्रतियोगिता हैदराबाद में हुई। पिता रमेश ठाकुर ने बताया कि चंपा का चयन राष्ट्रीय शिविर के लिए हुआ है।

# बांग्लादेश के खिलाफ ड्रॉ खेलने से अब भी निराश हैं कोच मार्केज, बोले- सुधार की जरूरत

**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच मनोलो मार्केज एशिया कप क्वालिफाइंग दौर के मुकाबले में बांग्लादेश के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ खेलने से निराश हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया है कि टीम में सुधार की जरूरत है। मार्केज ने स्पष्ट किया है कि अगर टीम को एशिया कप के लिए क्वालिफाई करना है तो उन्हें प्रदर्शन में सुधार लाना ही होगा। भारत को 25 मार्च को शिलांग में बांग्लादेश की फुटबॉल टीम से गोलरहित ड्रॉ पर रोक दिया था।



### भारत का 10 जून को हांगकांग से सामना

भारतीय टीम को अपना दूसरा मैच 10 जून को हांगकांग से खेलना है। टीम ने सोमवार को अपना प्रशिक्षण शिविर शुरू कर दिया है। बांग्लादेश के खिलाफ मैच का जिक्र करते हुए मार्केज ने कहा, हमें बहुत सुधार करने की जरूरत है क्योंकि मुझे लगा कि टीम पिछले सत्र को छोड़कर हर फीफा विंडो में आगे बढ़ रही थी। यह सच है कि बांग्लादेश के खिलाफ मैच के लिए हमें कुछ अहम खिलाड़ियों की सेवाएं नहीं मिली। लेकिन हम अपने खराब प्रदर्शन को लेकर कोई बहाना नहीं बना रहे हैं। मार्केज ने कहा, हमें इस बात से अवगत होना चाहिए कि हांगकांग में हमारा मैच काफी चुनौतीपूर्ण होगा। हमारे पास तैयारी करने और जीत कर तीन अंक हासिल करने की कोशिश करने का समय है।

### भारत ग्रुप सी में शामिल

भारत को 2027 एशियाई कप क्वालिफाइंग तीसरे दौर के ग्रुप सी में बांग्लादेश, हांगकांग और सिंगापुर के साथ रखा गया है। घरेलू और दूसरे टीम के घर में कुल छह मैच खेलने के बाद केवल शीर्ष टीम ही महाद्वीपीय टूर्नामेंट के अगले चरण के लिए क्वालीफाई करती है। सिंगापुर और हांगकांग ने भी अपना शुरूआती मैच गोलरहित ड्रॉ खेला था। ऐसे में अंक तालिका में सभी टीमें बराबरी पर है। सिंगापुर 10 जून को बांग्लादेश का सामना करने के लिए ढाका की यात्रा करेगा।

## शानदार पारी के बाद वैभव सूर्यवंशी ने छुए धोनी के पैर

# आशीर्वाद के साथ आईपीएल 2025 का अंत किया



**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स के युवा सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने महेंद्र सिंह धोनी के पैर छुए और आशीर्वाद के साथ आईपीएल 2025 सीजन का समापन किया। राजस्थान और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बीच मंगलवार को नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में मुकाबला हुआ। राजस्थान का इस सीजन यह आखिरी मुकाबला था और 14 साल के वैभव इस मैच में भी अपना प्रभाव छोड़ने में सफल रहे।

### वैभव ने इस सीजन बटोरी सुर्खियां

मैच के बाद जब दोनों टीमों के खिलाड़ी एक दूसरे से मिल रहे थे, तब धोनी और वैभव का सामना हुआ और इस युवा बल्लेबाज ने माही के पैर छुए। धोनी हालांकि उन्हें रोकते नजर आए। वैभव आईपीएल में खेलने वाले सबसे युवा खिलाड़ी हैं और उन्होंने अपने पहले ही सीजन में काफी सुर्खियां बटोरी। वैभव को इस सीजन सात मैचों में खेलने का मौका मिला और उन्होंने 206.56 के स्ट्राइक रेट और 36 के औसत से 252 रन बनाए। राजस्थान ने मेगा नीलामी में वैभव को खरीदा था और यह बल्लेबाज टीम की उम्मीदों पर खरा उतरा। हालांकि, राजस्थान की टीम प्लेऑफ में जगह नहीं बना सकी और उसका सफर ग्रुप चरण में ही थम गया।

### वैभव-सैमसन के दम पर जीता राजस्थान

वैभव सूर्यवंशी और संजू सैमसन की 90+ रनों की साझेदारी के दम पर राजस्थान रॉयल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को छह विकेट से हरा दिया। इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स ने 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 187 रन बनाए। जवाब में राजस्थान ने 17.1 ओवर में चार विकेट गंवाकर 188 रन बनाए और टूर्नामेंट की चौथी जीत दर्ज की।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान की शुरूआत अच्छी हुई थी। वैभव सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल के बीच पहले विकेट के लिए 37 रनों की साझेदारी हुई, जिसे अंशुल कंबोज ने तोड़ा। उन्होंने जायसवाल को बोल्ड किया। वह 19 गेंदों में 36 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद सूर्यवंशी को कप्तान संजू सैमसन का साथ मिला। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 98 रन जोड़े। सैमसन 41 और सूर्यवंशी 57 रन बनाकर आउट हुए। इस मैच में रियान पराग कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाए और तीन रन बनाकर आउट हो गए।

# फ्रेंच ओपन क्वालिफाइंग के दूसरे दौर में ऑस्ट्रियाई खिलाड़ी से हारे सुमित नागल



**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल बुधवार को फ्रेंच ओपन एकल क्वालिफाइंग के दूसरे दौर में निचली रैंकिंग के खिलाड़ी जुरिज रोदियोनोव से 2-6, 4-6 से हारकर बाहर हो गए। नागल (170वीं रैंकिंग) रोलां गैरां में 225वीं रैंकिंग के ऑस्ट्रियाई खिलाड़ी से एक घंटे 29 मिनट में पराजित हो गए। भारतीय खिलाड़ी ने क्वालिफाइंग के पहले दौर में अमेरिका के मिशेल क्रुगर को हराया था। नागल ने 2024 में चारों ग्रैंडस्लैम में हिस्सा लिया था लेकिन इस साल अब वह फ्रेंच ओपन के मुख्य ड्रॉ में नहीं खेल पाएंगे। पहला सेट हारने के बाद वह दूसरे में 2-4 से पिछड़ रहे थे। पर सातवें गेम में उन्हें वापसी का मौका मिला और उन्होंने इस मौके का फायदा उठाया। अगले गेम में वह फिर पिछड़ गए जिसमें उन्होंने पहले दो अंक गंवा दिए जिससे स्कोर 0-30 हो गया। लेकिन उन्होंने वापसी करते हुए इसे 4-4 कर दिया। पर 10वें गेम में वह सर्विस गंवा बैठे और मैच से बाहर हो गए।

# कुश्ती: सौरभ ने छह दिन पहले खेलो इंडिया में जीता रजत, अब प्रादेशिक में गोल्ड मेडल

**नई दिल्ली।** छह दिन पहले खेलो इंडिया यूथ गेम्स में स्वर्ण से चूके कुश्ती खिलाड़ी सौरभ यादव ने प्रादेशिक में स्वर्ण जीतकर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई किया है। मुज्जफरनगर में वाराणसी के तीन खिलाड़ियों ने पदक जीता है। अंडर-17 सब जूनियर बालक वर्ग की फ्री स्टाइल में एक स्वर्ण, दो रजत पदक हासिल किया है।

51 किलो भारवर्ग में बलराम यादव ने रजत, 80 किलो में सौरभ यादव ने स्वर्ण और 92 किलो में सतपाल यादव ने रजत पदक जीता है। स्वर्ण पदक जीतकर सौरभ यादव ने चंडीगढ़ राष्ट्रीय सब जूनियर कुश्ती प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश कुश्ती टीम में जगह बनाने में सफलता हासिल की है। यूपी कुश्ती संघ के महासचिव सुरेश चंद्र उपाध्याय ने बताया कि बुधवार को ग्रीको रोमन वर्ग के मुकाबले खेले जाएंगे। इससे पूर्व बालिका वर्ग में सात में से पांच खिलाड़ियों ने पदक जीता था। बालक वर्ग में नौ खिलाड़ियों ने वाराणसी का प्रतिनिधित्व किया और तीन खिलाड़ी पदक जीतने में कामयाब हुए। कोच रविंद्र यादव, राम सजन यादव, राम आशीष यादव, उमेश ने खुशी जताई है।

सौरभ ने 12वीं की परीक्षा पास की हैं। बच्छाव के महामना मालवीय इंटरमीडिएट कॉलेज के शिक्षक डॉ. जितेंद्र ने बताया कि सौरभ खेल के साथ पढ़ाई में भी अव्वल है। वह नैपुरा के स्वामी भितराघनंद व्यायामशाला में कुश्ती के कोच संजय बाबा की देखरेख में अभ्यास करते हैं। बताया कि सौरभ ने विज्ञान वर्ग से इंटरमीडिएट की परीक्षा 85 प्रतिशत अंकों से पास की है।





### तीन साल बाद सिगरा स्टेडियम में फुटबॉल का प्रशिक्षण

सिगरा स्टेडियम में तीन साल बाद फुटबॉल की रौनक लौट आई है। स्टेडियम में छह नई फ्लड लाइटें लगाई गई हैं, जो अब पूरी रोशनी दे रही हैं। 100 बच्चों को दिन और शाम को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कोच अवधेश पटेल ने बताया कि तेज गर्मी के कारण बच्चे दिन में अभ्यास के लिए नहीं आ पा रहे थे, लेकिन अब फ्लड लाइटों की वजह से समस्या दूर हो गई है। बच्चे शाम को भी अभ्यास कर पा रहे हैं। यह सुविधा युवा फुटबॉलरों को प्रतिभा निखारने और खेल में आगे बढ़ने में मदद करेगी। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी विमला सिंह ने बताया तीन साल से स्टेडियम में निर्माण कार्य कारण के फुटबॉलर दोपहर तीन से शाम 7 बजे तक ही अभ्यास कर पाते थे। स्टेडियम में आधुनिक लाइटें लगने से रात में भी खिलाड़ियों को प्रशिक्षण की सुविधा मिल रही है।

### हैंडबॉल : कार्यकारी प्रदेश सचिव अमित का स्वागत

शहीद भगत सिंह यूथ ब्रिगेड के सदस्यों ने मंगलवार दोपहर यूपी हैंडबॉल संघ के मनोनीत कार्यकारी सचिव अमित पांडेय को सम्मानित किया। कार्यकारी प्रदेश सचिव ने कहा कि वे इस जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी के साथ निभाते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में हैंडबॉल व इसके खिलाड़ियों को आगे ले जाने का प्रयास करेंगे। इस मौके पर भगत सिंह यूथ ब्रिगेड के बबलू मौर्य, अवधेश सिंह, रामलाल यादव, मनोज पांडेय, मनीष तिवारी मौजूद थे।

महामना पंडित मदन मोहन मालवीय स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट के पांचवें दिन आईएमएस रूईया मैदान पर पहला सेमीफाइनल खेला गया। वाराणसी इग्नाइटर ने 20 ओवर में 124 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बॉयज क्लब ने 17 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 125 रन बनाकर मैच 3 विकेट से जीत लिया।

मुख्य अतिथि डॉ. रोहित पांडेय ने खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स इंजरी से बचाव की जानकारी दी। खिलाड़ियों को शशांक अग्रवाल ने पुरस्कृत किया। संचालन जेपी सोनकर ने किया। इस मौके पर राजीव झा, गोविंद मिश्र, सत्यनारायण मौजूद रहे।

### शिविर में खिलाड़ियों को दिया वॉलीबॉल का प्रशिक्षण

विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद बीएचयू की ओर से मंगलवार को ग्रीष्मकालीन शिविर में खिलाड़ियों को वॉलीबॉल का प्रशिक्षण दिया गया। सहायक निदेशक क्रीड़ा परिषद और वॉलीबॉल कोच डॉ. रॉबिन सिंह ने बताया कि दो सत्र में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। महासचिव प्रो. बीसी कापरी ने बताया कि शिविर में 9 खेलों का प्रशिक्षण चार मैदानों पर हो रहा है। 15 मई से 15 जून तक शिविर में अंडर-14 खिलाड़ियों को अलग-अलग खेलों के कोच प्रशिक्षण देंगे। भारोत्तोलन और कुश्ती का प्रशिक्षण ब्रोचा मैदान के शिवाजी हॉल, तैराकी नवीन छात्रावास के पास स्वीमिंग पूल, बैडमिंटन का शिविर डॉ. विभुति नारायण सिंह इंडोर स्टेडियम, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, एथलेटिक्स और क्रिकेट का प्रशिक्षण एंफीथियेटर मैदान में दिया जाएगा।

### फेडरेशन कप के लिए रोज 6 घंटे सिगरा स्टेडियम में अभ्यास कर रहीं 5 एथलीट



फेडरेशन कप एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए एथलीट्स ने तैयारी शुरू कर दी है। कोच चंद्रभान यादव की देखरेख में अंडर-18 की राष्ट्रीय प्रतियोगिता खेल चुकी महिला टीम की सदस्य रोज छह घंटे सिगरा स्टेडियम में अभ्यास कर रही हैं। सिगरा के डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में प्रशिक्षण के लिए विशेष शिविर लगाया गया है। बबीता यादव, प्रतिभा राय, कीर्ति यादव, संस्कृति पाठक और अनामिका सिंह अभ्यास में जुटी हैं। बबीता ने बताया कि रोज सुबह और शाम छह घंटे पावर पर काम कर रही हैं। ये खिलाड़ी एथलेटिक्स की अलग-अलग स्पधाओं में हिस्सा लेंगी।

केराकतपुर के वाराणसी पब्लिक स्कूल में ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर 21 मई से शुरू होगा। खिलाड़ियों को छह खेलों का निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। स्कूल के निदेशक अमित पांडेय ने बताया कि इसमें कक्षा 6 से 12वीं तक के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। बाहरी छात्र भी इसमें हिस्सा ले सकते हैं। शिविर में वॉलीबॉल, हैंडबॉल, एथलेटिक्स, शतरंज, ताइक्वांडो और योग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। बताया कि शिविर सुबह सात से नौ बजे तक स्कूल परिसर में ट्रेनिंग दी जाएगी।

हॉकी वाराणसी की ओर से डॉ. आरएन सिंह हॉकी लीग लालपुर के डॉ. भीमराव आंबेडकर स्टेडियम में खेली जाएगी। खिलाड़ियों का पंजीकरण एक जून से होगा। पहली बार हॉकी लीग में बालक-बालिका वर्ग की आठ-आठ टीमें खेलेंगी। हॉकी वाराणसी के अध्यक्ष डॉ. एके सिंह ने बताया की लीग मुकाबले जून के तीसरे सप्ताह में होंगे। इससे जिले की टीम बनने में मदद मिलेगी। एक टीम सात सात मैच खेलेगी।

दो नेशनल खेल चुकी हैं प्रतिभाः चंदौली की प्रतिभा राय दो नेशनल खेल चुकी हैं। पैरों में चोट की वजह से दो साल तक खेल से दूर रहीं। प्रतिभा ने 2023 में एथलेटिक्स ट्रैक पर वापसी की। फिलहाल लंबी कूद की तैयारी कर रही हैं। जाल्हूपुर की कीर्ति हर्डल दौड़ में हिस्सा लेंगीः रमना के जाल्हूपुर निवासी कीर्ति यादव सीबीएसई नेशनल में रजत पदक जीत चुकी हैं। फेडरेशन कप में 100 मीटर हर्डल दौड़ में खेलेंगी। सुबह में 3 घंटे और शाम को 3.30 घंटे अभ्यास कर रही हैं।

लालपुर के डॉ. भीमराव आंबेडकर स्टेडियम में नीले एस्ट्रोटर्फ बिछाने का काम पूरा हो गया है। जून से इस पर प्रतियोगिताएं शुरू हो सकती हैं। तीन हजार क्षमता वाली दर्शक दीर्घा में वाराणसी के ओलंपिक खिलाड़ियों की पेंटिंग लगाई गई है। वहीं, जल निकासी के लिए नाली भी बनाई गई है। टर्फ 4.80 करोड़ रुपये में वियतनाम से इस टर्फ को मंगाया गया है। लाने, लगाने और फिनिशिंग में 7 करोड़ खर्च हुए हैं।

# बड़ी राहत : जीडीए ने राजनगर एक्सटेंशन का सड़क निर्माण कार्य किया पूर्ण

## फुटपाथ बनाने का कार्य अनवरत जारी है



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) द्वारा राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र में बंधा रोड से चार्म्स कैसेल से क्लासिक रेजिडेंसी तक सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। यह कार्य जीडीए उपाध्यक्ष के कुशल निर्देशन में समयबद्ध ढंग से पूर्ण किया जा रहा है। लगभग 1 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य हेतु टेन्डर प्रक्रिया मार्च 2024 में शुरू की गई थी और मई 2025 के अंत तक इसे पूर्ण करने का लक्ष्य था, जिसे 218.85 लाख रुपये की लागत से बनाया जा रहा है जिसमे नाला निर्माण व ब्लैक टॉप का कार्य पूर्ण कर लिया गया है अभी इसमें सड़क के दोनों तरफ फूटपाथ हेतु इंटरलॉकिंग टाइल भी लगाया जा रहा है। इस सड़क के निर्माण से स्थानीय निवासियों को आने-जाने में परेशानी, धूल की समस्या और बारिश के कारण जलभराव और आवागमन में होने वाली परेशानी से भी निजात मिलेगी। इसके अलावा, सड़क का सुदृढ़ीकरण होने से क्षेत्र की सुंदरता भी बढ़ेगी और निवासियों को बेहतर सुविधा मिलेगी। जीडीए राजनगर एक्स्टेंशन क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयासरत है, शीघ्र ही अन्य जोनल सड़क का निर्माण भी शुरू कराया जाना प्रस्तावित है।

# जिला कांग्रेस कमेटी ने स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर अर्पित की पुष्पांजलि

## कांग्रेस कोऑर्डिनेटर बलराम वाल्मीकि ने ली संगठन सर्जन की बैठक



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिला कांग्रेस कमेटी सेंट्रल मार्केट पुराना बस अड्डा गाजियाबाद पर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि एवं संगठन सर्जन की बैठक आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि गाजियाबाद जिले के कोऑर्डिनेटर शिवराम वाल्मीकि, बुलंदशहर के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा द्वारा की गई।

सभी ने अपने प्रिय नेता राजीव गांधी की स्मृति पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके पश्चात कांग्रेस के कोऑर्डिनेटर बलराम वाल्मीकि संगठन सर्जन की बैठक शुरू की गई जिसमें सभी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने स्वयं अपना परिचय दिया फिर उसके पश्चात प्रभारी ने संगठन को मजबूत करने के लिए रणनीति तैयार करने के लिए कहा। उपस्थित जिला अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी सतीश त्यागी, महानगर अध्यक्ष वीर सिंह जाटव, पूर्व महानगर अध्यक्ष लोकेश चौधरी, हरेंद्र कसाना, वरिष्ठ देव दत्त त्यागी, किसान आंदोलन से आए पूर्व महासचिव अनुज चौधरी किसानों के साथ संगठन सर्जन की बैठक में सम्मिलित रहे और उन्होंने अपने वेव सिटी के धरने के लिए आमंत्रण पत्र दिया जिसमें उन्होंने अपने धरना पर जिला कांग्रेस कमेटी को संगठन सहित बुलाने का आग्रह किया है उपस्थित रहे।

**गणमान्य लोग उपस्थित रहे : करंट क्राइम।** सुरेंद्र कुमार शर्मा, गजेंद्र शर्मा, राजाराम भारती, विजय कुमार त्यागी, उदय सिंह पाल, बृजेश कुमार, यामीन मलिक, राजीव शर्मा, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी नीरज प्रजापति, मोदीनगर से मोहम्मद इरफान हकीकत, आशुतोष गुप्ता, मीडिया प्रभारी कांग्रेस पार्टी संजीव शर्मा लोन वाले, सलेमपुर वाले हरि कंसल, मोहम्मद मलिक, नेम त्यागी, चरण सिंह नसीम खान, मुकेश शर्मा, राकेश लोधी, राजेश, प्रवीण सिंह, अश्वनी त्यागी, मोहम्मद अयूब, दीपक दिवाकर, तरुण रावत त्यागी, सुर सैफी, अमित सिंह नवाब, अध्यक्ष महेंद्र कुमार, गौतम मोहम्मद खान, दिनेश प्रताप, अमरूद कसर, कृपा शंकर, नईम कुरैशी, श्याम पोरवाल, अलीमुद्दीन पन्नालाल शर्मा, धरम वीर, श्रीपाल सिंह, राजेंद्र वर्मा, ब्रह्मद दुबे, आसिफ सैफी, जिला अध्यक्ष डॉ अभिषेक त्यागी, विजेंद्र शर्मा, जितेंद्र पाल, नगर हाजी लियाकत अली, प्रेम प्रकाश किनी, अनवर कुरैशी, विनोद शर्मा, मोहम्मद गुलशन, सद्दाम चौधरी, ऑसम चौधरी, जयसवाल, संजीव शर्मा आदि सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं पूर्व पदाधिकारी ब्लॉक अध्यक्ष आदि उपस्थित रहे। सभी ने अपने श्रद्धा सुमन राजीव गांधी की प्रतिमा पर प्रकट किया और नारे लगाए जब तक सूरज चांद रहेगा राजीव तेरा नाम रहेगा, भारत माता की जय, कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद।

## अस्पताल में हंगामा और स्टाफ से बदसलूकी का मामला

# डॉक्टरों ने पुलिस कमिश्नर से मिलकर की कार्रवाई की मांग



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के आस्था अस्पताल में हुए हंगामे के विरोध में बड़ी संख्या में डॉक्टर और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सदस्य पुलिस कमिश्नर से मिले। थाना विजयनगर क्षेत्र स्थित आस्था अस्पताल में 18 तारीख की रात एक महिला मरीज के तीमारदारों ने हंगामा किया था।

अस्पताल के मालिक डॉक्टर राजेश राजौरा ने बताया कि तीमारदारों ने डॉक्टर और मेडिकल स्टाफ के साथ बदसलूकी की। आरोप है कि हंगामा करने वालों ने महिला कर्मचारियों के साथ अश्लील हरकतें भी कीं। पुलिस ने मामला दर्ज तो किया, लेकिन आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं की।

डॉक्टरों ने पुलिस की निष्क्रियता पर नाराजगी जताई। पुलिस कमिश्नर ने डॉक्टरों को आश्वासन दिया है कि इस मामले में कड़ी कार्रवाई की जाएगी। गाजियाबाद पुलिस दोषियों के खिलाफ उचित कदम उठाएगी।

# हापुड़ में आंधी और बारिश से 14 डिग्री गिरा तापमान:पेड़ गिरने से कई इलाकों में बिजली सप्लाई बाधित



**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ में बुधवार शाम मौसम ने करवट ली। शाम 8 बजे 50-60 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से आंधी चली। इसके साथ बारिश भी हुई। दिन में जहां तापमान 44 डिग्री सेल्सियस था, वहीं बारिश के बाद यह 29.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।

तेज हवाओं के कारण शहर के कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित हुई। दिल्ली रोड, अतरपुरा, धीरखेड़ा, प्रीत विहार, आर्यनगर और बुलंदशहर रोड पर बिजली गुल हो गई। कई जगह पेड़ और बिजली के तार टूट गए। इससे फॉल्ट की स्थिति बन गई। बारिश से कुछ इलाकों में जलभराव भी हुआ।

मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों के लिए हापुड़ सहित उत्तर प्रदेश के कई जिलों में तेज आंधी, बारिश और बिजली गिरने की चेतावनी दी है। विभाग ने ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया है। बिजली विभाग ने लोगों से खराब मौसम में सतर्कता बरतने की अपील की है। उन्हें बिजली के उपकरणों का कम इस्तेमाल करने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग ने भी लोगों से सुरक्षित स्थानों पर रहने को कहा है।

# छिबरामऊ की मृतक बिटिया के परिजनों को समाजवादी व्यापार सभा के प्रतिनिधिमंडल ने मिलकर दी सांत्वना



**कन्नौज, करंट क्राइम।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल समाजवादी व्यापार सभा, उ0प्र0 के प्रदेश अध्यक्ष एवं वैश्य-व्यापारी नेता प्रदीप जायसवाल के नेतृत्व में छिबरामऊ के एक निजी हॉस्पिटल द्वारा गलत इंजेक्शन लगाने से मृतक वैश्य समाज की 15 वर्षीय बिटिया रुचि गुप्ता उर्फ लाडो के ग्राम बेहटा खास पोस्ट कसाबा तहसील छिबरामऊ स्थित घर जाकर पिता, माता, भाई एवं अन्य परिजनों परिजनों से मुलाकात उक्त घटना और मृतक बिटिया के लिए सांत्वना दी।

प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव डा०अजय चौरसिया, समाजवादी व्यापार सभा के प्रदेश कोषाध्यक्ष अंशुल गुप्ता, प्रदेश सचिव राम ज्ञान गुप्ता, जिलाध्यक्ष कन्नौज प्रियतेश सिंह तोमर, जिलाध्यक्ष हरदोई सुधीर गुप्ता मिन्ना, जिलाध्यक्ष ओरैया विपिन गुप्ता, उत्कर्ष गुप्ता, कन्नौज जिला महासचिव कन्नौज अरविंद गुप्ता, राजन गुप्ता, उत्कर्ष गुप्ता, मनी गुप्ता, ऋषभ गुप्ता, साहिल खान, अवनीश गुप्ता, अभिषेक गुप्ता आदि शामिल थे।

### शांतिपूर्वक धरना दे रहे परिजनों एवं आम जनता पर बर्बरतापूर्ण लाठी चार्ज

करंट क्राइम। पिता राजेश गुप्ता और भाई राज गुप्ता ने बताया कि घटना के बाद जिला प्रशासन से हॉस्पिटल प्रशासन पर एफआईआर करने हेतु न्याय मांगने पर और न्याय न मिलने पर शांतिपूर्वक धरना दे रहे परिजनों एवं आम निरीह जनता को स्थानीय भाजपा विधायक के निर्देश पर हॉस्पिटल में, थाने में और बाईपास पर लाइटें बंद कर तीन बार से अधिक बर्बरतापूर्वक लाठी चार्ज किया गया, घायलों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं, जिन्हें पुरुष पुलिस द्वारा लाठी और जूतों द्वारा पीटा गया।

### परिजनों ने स्थानीय विधायक पर लगाया आरोप

**करंट क्राइम।** परिजनों ने स्थानीय विधायक अर्चना पाण्डेय पर आरोप लगाया कि उनके ही निर्देश पर बार बार लाइट बुझाकर लाठीचार्ज किया जा रहा था। जब घटना के बाद आक्रोश में जनता धरने पर बैठी तो कोई शासन-प्रशासन का सक्षम अधिकारी मौके पर आकर सभी को समझाकर और आश्वासन देकर धरना खत्म करा सकता था किंतु वैश्य समाज के ऊपर विद्वेष की भावना से लाठीचार्ज किया गया। यह सरकार की मनमानी, संवेदनहीनता और अमानवीय चेहरा है कि पुलिस ने उल्टा पीड़ित पक्ष (परिजनों), महिलाओं, लड़कियों और आम जनता सहित 150 लोगों पर एफआईआर कर दी।

### मुख्य चिकित्साधिकारी और पुलिस का अमानवीय चेहरा उजागर

**करंट क्राइम।** परिजनों से मुलाकात करने पर कन्नौज जिला प्रशासन, मुख्य चिकित्साधिकारी और पुलिस का अमानवीय चेहरा उजागर हुआ। सर्वविदित है कि 18 मई, 2025 को हुई उक्त घटना के बाद से लगातार समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लगातार पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से सम्पर्क में बने हुए हैं और हर सम्भव मदद भी कर रहे हैं और जल्द से छिबरामऊ आकर पीड़ित परिवार से मुलाकात कर सांत्वना भी देंगे। ज्ञात है कि कन्नौज के छिबरामऊ के कृष्णा हॉस्पिटल में 100 डिग्री बुखार होने पर ईलाजरत वैश्य समाज की 15 वर्षीय बिटिया रुचि गुप्ता उर्फ लाडो की चिकित्सीय लापरवाही एवं बिना किसी जांच के गलत इंजेक्शन लगाने से हुई मृत्यु पर और उत्तर प्रदेश सरकार, चिकित्सा विभाग और चिकित्सा मंत्री की घोर अमानवीय चेहरा बेनकाब हो गया।

# पार्षद शीतल चौधरी के नेतृत्व में वार्ड 9 में किया गया 'शौर्य तिरंगा यात्रा' का भव्य आयोजन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वार्ड संख्या 9 में पार्षद शीतल चौधरी के नेतृत्व में 'ऑपरेशन सिंदूर' की अभूतपूर्व सफलता के उपलक्ष्य में 'शौर्य तिरंगा यात्रा' का भव्य आयोजन किया गया। इस गौरवमयी यात्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। यात्रा का उद्देश्य भारतीय सेना के अदम्य साहस, वीरता और शौर्य को सम्मान देना था। आयोजन स्थल 'भारत माता की जय' और 'भारतीय सेना जिंदाबाद' के नारों से गूंज उठा, जिससे क्षेत्र में देशभक्ति की भावना चरम पर पहुंच गई।

### सशक्त होते भारत की एक झलक : पार्षद

**करंट क्राइम।** पार्षद शीतल चौधरी ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा न केवल सैन्य बलों के पराक्रम को समर्पित है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सशक्त होती भारत की एक झलक भी प्रस्तुत करती है। 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसे सफल सैन्य अभियानों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि आज का भारत अपने नागरिकों की सुरक्षा और सम्मान के लिए किसी भी स्तर तक जाने में सक्षम है। नागरिकों ने इस आयोजन को एक ऐतिहासिक क्षण बताया और भविष्य में भी इस प्रकार के देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रमों के आयोजन की मांग की।

## हापुड़ के हरसिंहपुर ब्रजनाथपुर में जन चौपाल

# डीएम ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं, 10 दिन में समाधान के दिए आदेश



**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ डीएम अभिषेक पांडे ने बुधवार की शाम ग्राम हरसिंहपुर ब्रजनाथपुर में जन चौपाल का आयोजन किया। ग्राम प्रधान की पहल पर आयोजित इस चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया।

जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ ग्रामीणों की शिकायतें सुनीं। ग्रामीणों ने राशन की कमी और पेयजल संकट की समस्या बताई। आवास योजनाओं में आ रही परेशानियों का जिक्र किया। शौचालय निर्माण, जल निकासी और जलभराव की समस्याएं भी प्रमुखता से उठाई गईं।

जिलाधिकारी ने सभी पात्र ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम, उप जिलाधिकारी सदर और जिला विकास अधिकारी मौजूद रहे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी और खंड विकास अधिकारी हापुड़ भी उपस्थित थे। बड़ी संख्या में ग्रामीण भी चौपाल में शामिल हुए।

जिलाधिकारी अभिषेक पांडे ने बताया कि कुछ समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। अन्य मुद्दों के लिए संबंधित विभागों को 10 दिनों के भीतर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। अधिकारियों को निर्देश दिए कि जन चौपाल में उठी समस्याओं का समाधान संवेदनशीलता से करें। उन्होंने समयबद्ध तरीके से ग्रामीणों को लाभ पहुंचाने पर जोर दिया।




# क्या गाजियाबाद से जुड़ेगा कनेक्शन

पुलिस महकमें में इन दिनों लखनऊ से लेकर प्रदेश के प्रमुख शहरों व शीर्ष अधिकारियों के बीच एक ही चर्चा सुनाई दे रही है। जिसमें हर कोई यह जानने के प्रयास में लगा है कि यूपी का अगला पुलिस का सुपर बॉस कोन होगा। दरअसल पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में इन दिनों एक ही चर्चा सुनाई दे रही है। यह चर्चा लखनऊ से लेकर उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में है कि यूपी पुलिस का नया पुलिस प्रमुख कौन होगा ,इसको लेकर हो रही है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में भी चर्चा है कि क्या यूपी के नए डीजीपी का गाजियाबाद से कोई कनेक्शन होगा। बता दें कि वर्तमान वाले साहब का गाजियाबाद से कनेक्शन है। उनका एक निवास स्थान नदियापार के सबसे पुराने व पॉश इलाके में बताया जाता है। तो वहीं उनसे पूर्व वाले साहब का भी वर्तमान में गाजियाबाद में ही निवास है। सुनने में आ रहा है कि वह लोकल पुलिस लाइन व अधिकारियों के संपर्क में भी रहते हैं। इसी को लेकर चर्चा है कि गाजियाबाद जिले से नए डीजीपी का क्या कनेक्शन रहने वाला होगा। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद से लेकर लखनऊ तक चर्चा इस बात की हो रही है कि अगला डीजीपी किसको बनाया जाता है। यहां कोई पुरुष अधिकारी होगा या कोई नया संदेश देने के लिए महिला आईपीएस अधिकारी को कमान दी जा सकती है। वहीं लखनऊ वाले पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि 31 मई वर्तमान वाले साहब का अंतिम कार्य दिवस होगा। तो उससे पहले उस नाम की रूपरेखा फाइनल कर ली जाएगी। उधर लखनऊ वाले पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि इसी सप्ताह में हंटर लोगों की एक बड़ी लिस्ट प्रदेश लेवल पर जारी होगी। कहा जा रहा है कि जिसमें ढाई से तीन सालिया वाले अधिकारियों को शामिल किया जा सकता है। उधर सूत्र बता रहे हैं कि यह तबादला एक्सप्रेस पश्चिम से पूरब और पूरब से पश्चिम की ओर चलेगी। इसमें पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में भी कुछ असर पढ़ने की संभावना बताई जा रही है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में जिस तरीके से लगातार मीटिंगों का दौर चल रहा है, उससे कई अधिकारी टेंशन तो कई अटेंशन वाले मोड में आ चुके हैं। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद और लखनऊ वाले सूत्र बता रहे हैं कि यूपी के नए पुलिस प्रमुख का गाजियाबाद से क्या कनेक्शन रहेगा। यह आने वाले दिनों में स्पष्ट हो पाएगा।



# ब्रिज विहार के वार्ड 68 में 'शौर्य तिरंगा यात्रा' का किया गया आयोजन

## भारत पर जो भी बुरी नजर डालेगा वह पछताएगा : पार्षद विनय चौधरी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** ऑपरेशन सिंदूर और वीर सैनिकों के उत्कृष्ट पराक्रम के सम्मान में बुधवार को तिरंगा यात्रा का शुभारंभ वार्ड 68 में किया गया। यह आयोजन महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल एवं मंडल अध्यक्ष नीरज रावल के दिशा निर्देश के अनुसार आयोजित किया गया था। तिरंगा यात्रा का नेतृत्व निगम पार्षद विनय चौधरी ने किया। इस अवसर पर डी ए वी स्कूल और बाल भारती पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य, शिक्षक एवं विद्यार्थियों के साथ-साथ क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता, भाजपा के पदाधिकारी, सदस्य गण और विभिन्न संगठनों के मातृशक्ति युवा, बुजुर्ग लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सुशील सिंह (मंडल मंत्री) ने सभी से लगातार तिरंगा यात्रा में शामिल होने का आग्रह किया। इस अवसर पर योगेश त्रिपाठी, वीरेंद्र सिंह, सुधीर त्यागी, नारायण सिंह, उमेश चंद सक्सेना, उमेश सक्सेना, मुकुल उपाध्याय, प्रज्ञा अग्रवाल, रीता सिंह, उर्वशी चौहान, दीप तोमर, अंबिका प्रसाद मौर्य, पुष्कर, राहुल सहित सभी मातृ शक्तियों और क्षेत्र के विभिन्न लोगों ने भाग लिया। निगम पार्षद विनय चौधरी ने कहा, आज हम ऑपरेशन सिंदूर के उपलक्ष्य में वीर सैनिकों के उत्कृष्ट पराक्रम के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाल रहे हैं। यह आयोजन हमारे देश की एकता और अखंडता के लिए आयोजित किया गया है। उन्होंने आगे कहा, भारत पर जो भी बुरी नजर डालेगा वह पछताएगा। मैं इस अवसर पर सभी को धन्यवाद देता हूं जिन्होंने इस आयोजन में भाग लिया।

# जिला महिला अस्पताल में गर्भवती महिलाओं के लिए नई सुविधा

## गाजियाबाद में थकान और तनाव दूर करने के लिए लगाए गए 10 झूले




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के जिला महिला अस्पताल में गर्भवती महिलाओं की सुविधा के लिए एक नई पहल की गई है। अस्पताल के रेस्ट और रिलैक्स एरिया में 10 आरामदायक झूले लगाए गए हैं। सीएमएस अलका शर्मा ने बताया कि रोजाना लगभग 500 महिलाएं अस्पताल में आती हैं। इन झूलों से महिलाओं को शारीरिक और मानसिक आराम मिलेगा। यह सुविधा उनके तनाव को कम करने में मदद करेगी।

अस्पताल प्रशासन के अनुसार यह पहल कई तरह से फायदेमंद साबित होगी। महिलाओं को थकान से राहत मिलेगी। साथ ही उनके साथ आने वाले बच्चों का भी मनोरंजन होगा। अस्पताल में भर्ती और इलाज करवा रही महिलाओं ने इस पहल का स्वागत किया है। उन्होंने इस सुविधा को अपने लिए बेहद उपयोगी बताया है।

## ज्वेलर्स से 4.5 किलो चांदी की लूट का खुलासा

# 4 बदमाश गिरफ्तार, एक फरार हथियार और लूट का माल बरामद



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के थाना ट्रोनिका सिटी क्षेत्र में हुई ज्वेलर्स की दुकान से लूट का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक अभी फरार है। 12 मई को सोम विहार स्थित मनीष ज्वेलर्स की दुकान पर तीन नकाबपोश बदमाशों ने हथियार के बल पर लूट की वारदात को अंजाम दिया था। बदमाश करीब 4.5 किलो चांदी के जेवर लूटकर फरार हो गए थे।

डीसीपी रूरल सुरेंद्रनाथ के अनुसार, पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल सर्विलांस और मैनुअल इनपुट के आधार पर आरोपियों की तलाश की। बुधवार को पुलिस ने आमिर, दीपक पाल, रितेश और सुनील को गिरफ्तार कर लिया। आकाश नाम का एक आरोपी अभी फरार है।

पुलिस ने आरोपियों से 4 किलो चांदी, दो पिस्तौल, कारतूस, तमंचा और बिना नंबर की अपाचे बाइक बरामद की है। आरोपी दीपक पाल पर 8, रितेश पर 8 और आमिर पर 11 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपी लूट का सामान बेचने जा रहे थे, तभी उन्हें पकड़ा गया।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति में हर बात मंच से ही साझा नहीं होती है। कई बार शब्दों से एक बड़ा संदेश दिया जाता है। पूर्व महानगर अध्यक्ष अजय शर्मा ने अपने मन की बात को फेसबुक पर साझा किया। उन्होंने लिखा कि लोगों ने उनमें इतनी कमियां निकाली है कि अब उनमें खूबियों के सिवा कुछ नहीं बचा। सियासत में शब्दों के अर्थ है। अजय शर्मा की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# प्रदर्शनकारियों की मौत के बाद भीड़ ने गृह मंत्री के घर में लगाई आग, सिंध में नहीं रुक रही हिंसा



**पाकिस्तान के सिंध प्रांत में हालात बद से बदतर होते जा रहा है। वहीं प्रदर्शनकारियों के विरोध-प्रदर्शन के बाद शुरू हुई हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। ताजा घटनाक्रम में नौशेहो फेरोज जिले में मंगलवार को पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प में दो लोगों की मौत हो गई**

**इस्लामाबाद ।** इसके बाद गुस्साई भीड़ ने सिंध के गृह मंत्री जियाउल हसन लांजार का घर जला दिया। यह घटना सिंध प्रांत के मोरो तालुका में नेशनल हाईवे पर हुई, जहां एक राष्ट्रवादी संगठन के कार्यकर्ता छह नहरों और कॉर्पोरेट खेती के खिलाफ धरना देने वाले थे। पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की, जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई और देखते ही देखते झड़प हिंसक हो गई।

एक स्थानीय समाचार पत्र के मुताबिक, प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प में कम से कम दो प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई, जिनकी पहचान इरफान लाघारी और जाहिद लाघारी के रूप में हुई है। जबकि दोनों तरफ से कई लोग घायल हुए हैं, जिनमें कई पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। इस दौरान एक पुलिसकर्मी के सिर से खून बहता देखा गया, जिसे अस्पताल में भी इलाज नहीं मिला और उसे बाहर निकाल दिया गया। इसके बाद गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने तीन ट्रकों में आग लगा दी, जिनमें एक तेल टैंकर भी था। कुछ ट्रकों से यूरिया की बोरियां लूट ली गईं, जिनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।

गृह मंत्री के घर पर उतरा प्रदर्शनकारियों का गुस्सा हिंसा बढ़ने के बाद गुस्साई भीड़ ने सिंध के गृह मंत्री जियाउल हसन लांजार के घर पर हमला कर दिया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने घर के कमरों और फर्नीचर को जला दिया गया। एसी की बाहरी यूनिट को छत से नीचे फेंक दिया गया। हालात तब काबू में आए जब मंत्री के निजी सुरक्षाकर्मी पहुंचे और हवाई फायरिंग कर भीड़ को तितर-बितर किया। इस मौके पर जलते घर से उठता काला धुआं कई किलोमीटर दूर से नजर आया। इस प्रदर्शन के चलते नेशनल हाईवे पर दोनों ओर का ट्रैफिक कई घंटों तक रुका रहा। इस दौरान एक पेट्रोल पंप के मैनेजर के कमरे में घुसकर नकदी भी लूटी गई। सोशल मीडिया पर कई वीडियो सामने आए हैं।

# रूस पर लगाए गए नए ब्रिटिश प्रतिबंधों के बाद बोले जेलेंस्की- धन्यवाद ब्रिटेन, सिर्फ दबाव ही करेगा काम



**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने रूस पर ब्रिटेन की तरफ से लगाए गए नए प्रतिबंधों के लिए ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इससे रूस पर शांति के लिए दबाव बनाने में मदद मिलेगी। जेलेंस्की ने ब्रिटिश प्रधानमंत्री से फोन पर बातचीत की और इस दौरान उन्होंने जोर देकर कहा कि अब समय है कि सभी देश मिलकर रूस पर दबाव बनाएं, खासतौर से अमेरिका को भी और कड़े कदम उठाने चाहिए ताकि युद्ध को रोका जा सके और स्थायी शांति स्थापित हो सके।

जेलेंस्की ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'मैंने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर से बात की। मैंने उन्हें नए ब्रिटिश प्रतिबंधों के लिए धन्यवाद दिया, जो रूस पर शांति के लिए दबाव बनाते हैं। सिर्फ प्रतिबंध ही रूस को रुकने पर मजबूर कर सकती है। आज हमें ब्रिटेन और यूरोपीय यूनियन से कड़े प्रतिबंध देखने को मिले हैं, और अच्छा होगा अगर अमेरिका भी साथ दे।' जेलेंस्की ने यह भी कहा कि यूरोपीय देश आगे भी रूस पर दबाव बढ़ाने के लिए कदम उठा रहे हैं। उन्होंने इन सबको एक महत्वपूर्ण प्रयास बताया जो युद्ध को रोकने में मदद कर सकता है।

**अमेरिका से भी कार्रवाई की अपेक्षा**

जेलेंस्की ने बताया कि उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से भी हाल ही में बात की है और इस बातचीत को भी ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के साथ साझा किया। उन्होंने कहा कि सहयोगी देशों का समूह के साथ मिलकर वे शांति की दिशा में मिलकर काम कर रहे हैं। 'मैं और कीर स्टार्मर यूक्रेन की डिप्लोमैटिक रणनीति और संभावित बैठकों पर भी चर्चा कर रहे हैं, जिनसे युद्धविराम और स्थायी शांति की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकें।' उन्होंने आगे कहा, 'हमने तय किया है कि हम लगभग रोजाना संपर्क में रहेंगे। धन्यवाद ब्रिटेन!'

# यूरोपीय संघ ने की रेडियो फ्री यूरोप के लिए आपात फंडिंग की घोषणा



**ब्रुसेल्स ।** यूरोपीय संघ (ईयू) ने मंगलवार को एक बड़ा फैसला लेते हुए स्वतंत्र और लोकतांत्रिक पत्रकारिता को समर्थन देने के लिए रेडियो फ्री यूरोप/रेडियो लिबर्टी को आपातकालीन फंड देने की घोषणा की। मामले में जानकारी देते हुए ईयू की विदेश नीति प्रमुख काजा कैलास ने बताया कि यूरोपीय देशों के विदेश मंत्रियों ने रेडियो फ्री यूरोप को 5.5 मिलियन यूरो (करीब 6.2 मिलियन अमेरिकी डॉलर) की सहायता देने का निर्णय लिया है।

उन्होंने कहा कि यह पैसा स्वतंत्र पत्रकारिता की सुरक्षा के लिए आपातकालीन सहायता के रूप में दिया जाएगा। काजा कैलास ने कहा कि हम पूरी दुनिया में इसकी फंडिंग का अंतर नहीं भर सकते, लेकिन जो देश ईयू के पड़ोसी हैं और जो बाहरी स्रोतों से मिलने वाली खबरों पर निर्भर हैं, वहां इसकी मदद जरूरी है। बता दें कि अमेरिका की ट्रंप सरकार ने इस मीडिया संगठन की फंडिंग रोक दी थी, यह आरोप लगाते हुए कि यह लिबरल एजेंडा को बढ़ावा दे रहा है। इसके बाद संस्था को बंद होने का खतरा था।

अमेरिका में कोर्ट ने भी दी राहत रेडियो फ्री यूरोप/रेडियो लिबर्टी का मुख्यालय वॉशिंगटन में है और पत्रकारिता से जुड़ा कार्यालय चेक गणराज्य में स्थित है। बीते महीने एक अमेरिकी अदालत ने ट्रंप प्रशासन को आदेश दिया था कि वह कांग्रेस द्वारा स्वीकृत 12 मिलियन डॉलर की राशि संस्था को लौटाए। जहां संस्था ने कहा था कि अगर यह पैसा नहीं मिला, तो जून 2025 तक उसे बंद करना पड़ सकता है। रेडियो फ्री यूरोप पिछले 75 सालों से काम कर रहा है और 27 भाषाओं में 23 देशों में प्रसारण करता है।

**सोवियत दौर में बना था लोकतंत्र की आवाज'**

मामले में ईयू के विदेश नीति प्रमुख काजा कैलास ने आगे कहा कि जब वह सोवियत संघ के तहत एस्टोनिया में बड़ी हो रही थीं, तब इस रेडियो से उन्हें बाहरी दुनिया की सच्चाई पता चलती थी। उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र की एक किरण रहा है, जिसकी भूमिका बेहद अहम रही है।

# पहलगाम हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर से खौफ में पाकिस्तान

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान ने भारतीय उड़ानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र में लगाई गई पाबंदी को एक और महीने तक बढ़ाने का फैसला लिया है।



पाकिस्तानी मीडिया की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकी हमला हुआ। इस हमले में 26 लोगों की बर्बर तरीके से हत्या कर दी गई। उनकी हत्या करने से पहले उनकी धार्मिक पहचान की गई। इन मृतकों में अधिकांश पर्यटक शामिल थे। इसके बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ पांच रणनीतिक फैसले लिए थे। जिनमें सिंधु जल संधि को निलंबित करना।

# सूडान भेजे गए प्रवासियों को हिरासत में ही रखने का आदेश

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका की एक संघीय अदालत ने ट्रंप प्रशासन को बड़ा झटका दिया है। इसके तहत कोर्ट ने मंगलवार देर रात आदेश दिया कि साउथ सूडान भेजे गए प्रवासियों को हिरासत में ही रखा जाए, क्योंकि यह साफ नहीं है कि उन्हें वहां भेजना कानूनी रूप से सही था या नहीं। यह आदेश मैसाचुसेट्स के यूएस डिस्ट्रिक्ट जज ब्रायन ई मर्फी ने दिया, जिन्होंने बुधवार को इस मामले की आपात सुनवाई भी तय की है। जज ने यह फैसला तब सुनाया जब प्रवासियों के वकीलों ने कोर्ट में कहा कि म्यांमार, वियतनाम और कुछ अन्य देशों से आए करीब 12 लोगों को मंगलवार सुबह साउथ सूडान भेज दिया गया।



मामले में प्रवासियों के वकीलों का आरोप है कि ट्रंप प्रशासन ने एक मौजूदा अदालत आदेश का उल्लंघन किया है, जिसमें कहा गया था कि किसी व्यक्ति को उसके देश से अलग किसी अन्य देश भेजने से पहले उसे अपना पक्ष रखने का पूरा मौका दिया जाना चाहिए।

वहीं एक मामले में म्यांमार से आए एक व्यक्ति को टेक्सास में अधिकारियों ने केवल अंग्रेजी में बताया कि उसे भेजा जा रहा है, जबकि वह ठीक से अंग्रेजी नहीं समझता। उसके वकीलों को उसकी फ्लाइट से कुछ घंटे पहले ही इसकी सूचना मिली। हालांकि एक महिला ने बताया कि उसका पति वियतनाम से और लगभग 10 अन्य लोग अफ्रीका भेज दिए गए हैं।

# सीपीईसी परियोजना को चीन ने अफगानिस्तान तक बढ़ाया, त्रिपक्षीय बैठक में पाकिस्तान भी हुआ शामिल



**बीजिंग ।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान ने बुधवार को चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) को अफगानिस्तान तक विस्तारित करने पर सहमत हुए हैं। इस्लामाबाद में विदेश कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि सीपीईसी से संबंधित घोषणा पाकिस्तान के उपप्रधानमंत्री/विदेश मंत्री इशाक डार, चीनी विदेश मंत्री वांग यी और अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी के बीच बीजिंग में एक अनौपचारिक त्रिपक्षीय बैठक के बाद की गई। पाकिस्तान के विदेश मंत्री तीन दिवसीय बीजिंग यात्रा पर हैं, जो भारत द्वारा पाकिस्तान और इसके कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकवादी स्थलों को निशाना बनाकर शुरू किए गए ह्यऑपरेशन सिंदूरङ्घ के बाद पहली उच्चस्तरीय वार्ता है। बैठक के बाद इशाक डार ने कहा, पाकिस्तान, चीन और अफगानिस्तान क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और विकास के लिए एक साथ खड़े हैं। उन्होंने तीनों नेताओं की एक साथ तस्वीर भी साझा की। पाकिस्तान की ओर से जारी बयान में कहा गया है, उन्होंने कूटनीतिक जुड़ाव बढ़ाने, संचार को मजबूत करने और साझा समृद्धि के प्रमुख कारकों के रूप में व्यापार, बुनियादी ढांचे और विकास को बढ़ावा देने के लिए व्यावहारिक कदम उठाने पर चर्चा की। इसमें कहा गया, उन्होंने ह्यबेल्ट एंड रोड इनिशिएटिवङ्घ (बीआरआई) सहयोग को गहरा करने और चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) को अफगानिस्तान तक विस्तारित करने पर सहमति व्यक्त की। भारत ने 60 अरब अमेरिकी डॉलर की लागत वाले सीपीईसी के निर्माण का विरोध किया है, क्योंकि यह पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से होकर गुजर रहा है।

# इस्राइल ईरान के परमाणु स्थलों पर हमले कर सकता है अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने खतरे की ओर इशारा किया



**ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर चल रहे तनाव के बीच अमेरिका का बड़ा दावा सामने आया है। इसके तहत कहा गया है कि अमेरिका को नई खुफिया जानकारी मिली है जिससे संकेत मिलते हैं कि इस्राइल ईरान के परमाणु ठिकानों पर सैन्य हमले की तैयारी कर रहा है**

**वॉशिंगटन ।** यह जानकारी अमेरिका की एक न्यूज चैनल ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से दी है। हालांकि रिपोर्ट के मुताबिक, इस्राइल ने अभी तक कोई अंतिम फैसला नहीं लिया है, लेकिन हाल के महीनों में हमले की संभावना काफी बढ़ गई है। तनाव को लेकर अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि इस्राइल का अगला कदम इस बात पर निर्भर करेगा कि अमेरिका और ईरान के बीच चल रही परमाणु वार्ताएं सफल होती हैं या नहीं। इस आधार पर बढ़ सकती है इस्राइली हमले की संभावना सूत्रों की माने तो अगर ईरान के साथ अमेरिकी बातचीत उसके यूरेनियम संवर्धन को पूरी तरह नहीं रोक पाती है तो इस्राइल के हमले की संभावना बहुत ज्यादा है।

साथ ही अमेरिकी आकलन इस्राइल की गुप्त बातचीत को इंटरसेप्ट करने और सैन्य गतिविधियों की निगरानी पर आधारित है। इसमें देखा गया है कि इस्राइल ने हवाई बमों को नई जगहों पर तैनात किया है और हाल ही में एक बड़ा एयर एक्सरसाइज भी पूरा किया है। हालांकि दूसरी ओर कुछ अधिकारियों का यह भी मानना है कि इस्राइल यह सब केवल ईरान पर राजनयिक दबाव बनाने के लिए कर रहा है और अभी हमले का फैसला नहीं हुआ है। रिपोर्ट की माने तो अगर वार्ता असफल होती है और इस्राइल हमला करता है तो अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मौजूदा कूटनीतिक नीति से अलग कदम होगा। क्योंकि ट्रंप के हाल ही में किए गए मीडिल ईस्ट के दौरे से पता चलता है कि ट्रंप मीडिल ईस्ट में तनाव और युद्ध को टालना चाहते हैं, खासकर 2023 में गाजा युद्ध के बाद।

# बलूचिस्तान में स्कूल बस में आत्मघाती विस्फोट चार बच्चों सहित पांच की मौत, 40 घायल



**पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान में एक स्कूल बस में आत्मघाती धमाका हुआ, जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई। इनमें चार बच्चे भी शामिल हैं**

**कराची ।** इसके अलावा, 40 घायल हुए हैं। यह विस्फोट खुजदार जिले में हुआ है। पाकिस्तानी सेना ने एक बयान में यह जानकारी दी।

स्कूल बस बच्चों को लेकर जा रही थी। एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक, गृह मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि विस्फोट कथित तौर पर आईईडी के जरिए किया गया। डॉन अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तानी सेना ने इसे कायरतापूर्ण और वीभत्स हमला बताया और कहा कि इसमें तीन बच्चे और दो वयस्क नागरिक मारे गए और कई बच्चे घायल हो गए हैं। कानून प्रवर्तन एजेंसियों के कर्मचारियों ने एकत्र किए सबूत' खुजदार के उपायुक्त यासिर ने बताया कि जीरो प्वाइंट इलाके के पास हुए विस्फोट में 40 लोग घायल हो गए। उन्होंने बताया कि हमले के बाद कानून प्रवर्तन एजेंसियों के कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंचे और उन्होंने जांच के लिए सबूत एकत्र किए। यासिर ने कहा कि शुरूआती जांच में यह संकेत मिल रहा है कि यह एक आत्मघाती हमला था।

**शवों और और घायलों को सेना के अस्पताल ले जाया गया :** उन्होंने बताया कि शवों और घायलों को संयुक्त सैन्य अस्पताल ले जाया गया है। गंभीर रूप से घायलों को यहां से क्वेटा और कराची के अस्पतालों में भेजा जाएगा। शुरूआती रिपोर्ट से पता चला है कि विस्फोट में चार बच्चे मारे गए हैं। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शरीफ और राष्ट्रपति जरदारी ने दुख जताया जिओ न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हमले की निंदा की और मासूमों और उनके शिक्षकों की हत्या पर दुख जताया। उन्होंने अधिकारियों को अपराधियों की पहचान करने और उन्हें न्याय के कटघरे में लाने का निर्देश भी दिया। वहीं, राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने भी हमले की निंदा की और इसे मानवाधिकारों का उल्लंघन बताया।

# इस्राइली हमलों में गाजा में 45 की मौत, कई महिलाएं शामिल



**दीर अल बलाह ।** इस्राइल और हमास के बीच जारी भीषण जंग थमने का नाम नहीं ले रही है। गाजा के अस्पतालों ने बताया कि इस्राइली हवाई हमलों में बुधवार को कम से कम 45 लोगों की मौत हो गई। इनमें एक हफ्ते का शिशु और कई महिलाएं भी शामिल हैं। इस्राइल की ओर से यह सैन्य कार्रवाई ऐसे समय में तेज हुई है, जब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसे आलोचनाओं का भी सामना करना पड़ रहा है।

सहायता समूहों के मुताबिक, इस्राइल ने मंगलवार को गाजा में मानवीय मदद के लिए दर्जनों को ट्रकों को प्रवेश की अनुमति दी। हालांकि, यह मदद उन लोगों तक नहीं पहुंच पाई, जो बहुत जरूरतमंद थे। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने मंगलवार शाम कहा कि मदद गाजा में प्रवेश कर चुकी है, लेकिन इस्राइली सेना ने मदद सामग्री अलग-अलग ट्रकों में लोड होने के बाद सहायता कर्मियों को उसे वितरण स्थल तक पहुंचाने का समय नहीं दिया।

सहायता समूहों के बीच बुधवार को साझा की गई अंदरूनी रिपोर्ट में बताया गया कि केरेम शालोम सीमा पार से कोई भी मानवीय मदद वाला ट्रक गाजा में प्रवेश नहीं कर पाया। इन रिपोर्ट के मुताबिक, 65 ट्रक सीमा पार कर गाजा की तरफ बढ़े थे, लेकिन गाजा में प्रवेश नहीं कर पाए। इस्राइली रक्षा मंत्रालय ने कहा कि बुधवार सुबह ट्रक गाजा में प्रवेश कर रहे थे, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि क्या मदद गाजा में वितरण के लिए आगे बढ़ पाई है।

फलस्तीनी शरणार्थियों के संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने कहा कि उसने मंगलवार को सीमा पार से मदद जुटाने के लिए कई घंटों तक इंतजार किया, लेकिन वह वितरण शुरू नहीं कर पाई।

इससे पहले मंगलवार को ब्रिटेन ने इस्राइल के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर चल रही वार्ता को रोक दिया। यही नहीं, उसने वेस्ट बैंक में बसी अवैध यहूदी बस्तियों पर प्रतिबंध भी लगाए। यह कदम इस्राइल की सैन्य कार्रवाई के विरोध में उठाए गए। इससे पहले कनाडा और फ्रांस ने भी युद्ध को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने का आह्वान किया और इस्राइल की सैन्य कार्रवाई की आलोचना की।

इजरायल का कहना है कि वह तब तक युद्ध रोकने के लिए तैयार नहीं है, जब तक हमास की ओर से बंधक बनाए गए सभी लोगों को रिहा नहीं किया जाता और जब तक हमास को खत्म नहीं कर दिया जाता। इस्राइली हमलों में दक्षिणी शहर खान यूनिस में 45 लोग मारे गए, जिनमें 14 एक ही परिवार के थे। इसमें एक हफ्ते के शिशु की भी मौत हो गई। इस्राइली सेना ने अभी तक इन हमलों पर कोई टिप्पणी नहीं की है, लेकिन उसका कहना है कि वह हमास के ठिकानों को निशाना बना रही है। सेना हमास पर नागरिक क्षेत्रों को ढाल बनाकर काम करने का आरोप लगा रही है।

# पुण्यश्लोक महारानी अहिल्याबाई होलकर की स्मृति में प्रबुद्ध संगोष्ठी का आयोजन

## महारानी अहिल्याबाई का शासन दर्शन आज भी प्रासंगिक : डॉ. महेंद्र कुमार सिंह

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी, गाजियाबाद महानगर द्वारा त्रिशताब्दी स्मृति वर्ष 2025 के अंतर्गत पुण्यश्लोक महारानी अहिल्याबाई होलकर की स्मृति में प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन का आयोजन बुधवार को रूद्राक्ष बैंक्विट हॉल, शास्त्री नगर में किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. महेंद्र कुमार सिंह (मध्यप्रदेश प्रभारी, भाजपा) ने अपने विस्तृत उद्बोधन में महारानी अहिल्याबाई होलकर को भारत की सांस्कृतिक विरासत और सुशासन की जीवंत प्रतीक बताया। उन्होंने कहा, महारानी अहिल्याबाई ने अपने जीवन में शासन को सेवा का माध्यम बनाया। उनका जीवन भारतीय जनमानस के लिए प्रेरणा है। भाजपा उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए गरीब, पीड़ित, शोषित वर्गों के उत्थान के लिए कृतसंकल्पित है।



### अहिल्याबाई होलकर का शहरी विकास का दृष्टिकोण आज भी प्रासंगिक : कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा



करंट क्राइम। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर का शहरी विकास का दृष्टिकोण आज भी प्रासंगिक है। स्वच्छता, जनभागीदारी और नैतिक प्रशासन—ये उनकी शासन शैली की विशेषताएँ थीं, जिन्हें हम आज गाजियाबाद के विकास में आत्मसात कर रहे हैं।

### महारानी अहिल्याबाई के निर्णय लोककल्याण के भाव से प्रेरित : मयंक गोयल



करंट क्राइम। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने की। उन्होंने कहा कि महारानी अहिल्याबाई के निर्णय लोककल्याण के भाव से प्रेरित थे और गाजियाबाद महानगर भाजपा उनके सुशासन की प्रेरणा से जनसेवा और संगठन विस्तार में निरंतर कार्यरत है।

### अहिल्याबाई होलकर ने सामाजिक समरसता को सदैव प्राथमिकता दी : आशा शर्मा



करंट क्राइम। पूर्व महापौर आशा शर्मा ने कहा, अहिल्याबाई होलकर ने सामाजिक समरसता को सदैव प्राथमिकता दी। आज हम उसी भावना से युवाओं को रोजगार, शिक्षा और सुरक्षा के माध्यम से सशक्त बना रहे हैं। उनके आदर्श हमारे योजनागत दृष्टिकोण की नींव हैं।

### गणमान्य लोग उपस्थित रहे

करंट क्राइम। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, पूर्व विधायक कृष्णवीर सिरोही, प्रवासी गजेन्द्र मावी, पूर्व अध्यक्ष सरदार एसपी सिंह, विजय मोहन, अरविंद भारतीय, अमर दत्त शर्मा, बलदेव राज शर्मा, महेश अग्रवाल, पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप, पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी सहित मंच पर पाल समाज के अशोक पाल, पीताम्बर पाल, हातम सिंह नागर, डॉक्टर वीरेश्वर त्यागी, महामंत्री राजेश त्यागी, सुशील गौतम, बॉबी त्यागी, योगेश त्रिपाठी, अतुल जैन, सुरेन्द्र नागर, ललित कश्यप, पूनम कौशिक, नवनीत मित्तल, विनोद कसाना, गुंजन शर्मा, अमित त्यागी, गौरव चोपड़ा, रुचि गर्ग, रीटा सिंह, इंदु जौहरी, प्रीति चंद्रा, अनीता शर्मा, ऋचा भदौरिया, कविता सिरोही, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी सहित सभी मंडल अध्यक्ष, प्रभारी, शक्ति केंद्र संयोजक और सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस संगोष्ठी में भाजपा के मंडल अध्यक्षगण, शक्ति केंद्र संयोजक, मोर्चा पदाधिकारी, डॉक्टर, वकील, इंजीनियर, व्यापारी, शिक्षक, आरडब्ल्यूए प्रतिनिधि और अन्य प्रबुद्ध नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और इस विषय पर विचार विमर्श किया कि कैसे महारानी अहिल्याबाई होलकर के आदर्शों को समकालीन शासन-प्रशासन में समाहित किया जा सकता है। कार्यक्रम संयोजक सुरेंद्र नागर, सह-संयोजक नवनीत मित्तल एवं ललित कश्यप, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी ने समस्त व्यवस्थाओं का सफल संचालन किया और कार्यक्रम की सार्थकता को सुनिश्चित किया।

# वेद प्रकाश गर्ग खादी वालों के जन्मदिन पर पहुंचे गणमान्य



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा नेता वेदप्रकाश गर्ग खादी वालों का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। वेदप्रकाश गर्ग खादी वालों के जन्मदिन पर उनके समर्थकों शुभचिंतकों और मित्रों ने उनकी लंबी आयु उत्तम स्वास्थ्य और यशस्वी जीवन की कामना करते हुए उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। वेद प्रकाश गर्ग खादी वालों के जन्मदिन पर उनके आवास से लेकर उनके प्रतिष्ठान पर बधाई देने वालों का एक मेला लगा रहा। वेद प्रकाश गर्ग खादी वालों ने अपने जन्मदिन पर बधाई देने वाले सभी शुभचिंतकों का, मित्रों का, समर्थकों का आभार व्यक्त किया।

